www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

28 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 338

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सीजीएल परीक्षा की हकीकत का पता नहीं, बस मीडिया ट्रायल चल रहा: हेमंत




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

**युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने**

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

P.R. 337433 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,350 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# सज गया जनता का दरबार: आ देखें जरा किसमें कितना है दम

## ■ गरम होता जा रहा चुनावी मौसम, वादों-घोषणाओं की लग गयी झड़ी

## ■ सत्ता पक्ष ने खोला खजाना, तो भाजपा ने भी खोल दी वादों की गठरी

## ■ झारखंड की जनता तौलेगी, किनकी योजनाओं और वादों में है दम

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। राजनीतिक दल, चाहे वह सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के, कमर कस कर मैदान में उतर चुके हैं। राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव की घोषणा अब किसी भी दिन हो सकती है। इसे देखते हुए राजनीतिक गतिविधियां पूरे उफान पर हैं। चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों की तरफ से हर वह कदम उठाया जा रहा है, जिससे मतदाताओं को अपने पक्ष में आकर्षित किया जा सके। इसमें चुनावी वादे और घोषणाएं भी शामिल हैं। वैसे तो हर चुनाव में वादों और घोषणाओं का खास स्थान होता है, लेकिन अब ये वादे और घोषणाएं सामाजिक के स्थान पर आर्थिक होने लगी हैं। इस बार के चुनाव में सत्ता पक्ष की तरफ से सरकारी खजाना खोल दिया गया है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष खासकर भाजपा ने हेमंत सरकार की घोषणाओं को ध्यान में रख कर उसकी काट के लिए अपने वादों की पोटली खोल दी है। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने हाल ही में कुछ बड़ी योजनाएं लागू कर दी हैं। समाज के हर वर्ग के लिए हर दिन कोई न कोई योजना लागू की जा रही है और घोषणाएं की जा रही हैं। उधर विपक्षी दल भाजपा भी इसमें पीछे नहीं है। वह भी लोक लुभावन वादे कर रही है और योजनाओं का खाका लोगों के सामने रख रही है। आम लोग इन योजनाओं और वादों को कितना महत्व देते हैं और इन पर कितना भरोसा करते हैं, यह तत्काल पता नहीं चलता है, लेकिन झारखंड जैसे छोटे राज्य में चुनावों पर इसका असर जरूर पड़ता है। यह भी सच है कि चुनाव के वक्त जनता निश्चित रूप से लागू की गयी योजनाओं और वादों पर गौर करती है। उसे अपने तराजू पर तौलती है। यह पिछले विधानसभा चुनावों में देखा गया था। झारखंड में दोनों पक्षों की क्या हैं घोषणाएं और वादे और उनका चुनावों पर क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राजनीतिक दलों के बीच घोषणाओं-वादों को लेकर एक होड़ सी मची है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद की तरफ से लोकलुभावन घोषणाएं और वादों की झड़ी लगी हुई है, तो विपक्षी भाजपा भी चुनावी वादे करने में बहुत पीछे नहीं है। इस प्रतिस्पर्द्धा में सत्ता पक्ष का अपर हैंड इसलिए होता है, क्योंकि उसके पास राज्य का खजाना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस रफ्तार से योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं और उन्हें लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि वह चुनाव की घोषणा होने तक झारखंड के हर व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ लानेवाले हैं। समाज के हर वर्ग के लिए, चाहे वह बच्चा हो या किशोर, लड़का हो या लड़की, महिला हो या पुरुष, किसान हो या मजदूर, जवान हो या पुरुष, कामगार हो या बेरोजगार हर किसी को प्रभावित करनेवाली योजनाएं धरातल पर उतार रहे हैं। उधर भाजपा भी इन योजनाओं की काट खोजने के क्रम में ऐसे-ऐसे वादे कर रही है, जिन पर लोग गौर फरमा रहे हैं। आज के दौर में जनता भी कम समझदार नहीं है। जनता भी समझती है कि कौन सी योजना कब और किसलिए क्यों शुरू की गयी है और कौन सा वादा कितना असरकारी है। जनता भी अब इन वादों और योजनाओं तो तौल रही है। योजनाओं की टाइमिंग को लेकर जनता में अब चर्चा होने लगी है। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। वैसे हेमंत सरकार के चुनावी वादों की काट भाजपा मजबूती से तैयार कर रही है।

### क्या है चुनावी वादों और घोषणाओं का सच

जब-जब चुनाव आता है, राजनीतिक पार्टियां वोटरों को लुभाने के लिए योजनाएं लागू करती हैं और विपक्ष उसकी काट में वादे करता है। इस रेवड़ी राजनीति पर पिछले साल गंभीर विवाद भी हो चुका है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक में जा चुका है। लोकतंत्र में इस तरह के राजनीतिक वादे हमेशा से किये जाते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में इनका स्वरूप बदल गया है। पहले जहां अधिकांश वादे चुनाव के बाद सरकार बनने पर पूरे किये जाने की बात होती थी, वहीं अब इन्हें तत्काल लागू करने का प्रचलन बढ़ गया है। इसके अलावा वादे भी अब आर्थिक लाभ की कसौटी पर कसे जाने लगे हैं। इसलिए लिखा भी गया है कि गरीब की थाली में पुलाव आ गया है...लगता है शहर में चुनाव आ गया है। पहले चुनाव में शराब से लेकर नगद बांटने तक का प्रचलन था और वह भी चोरी-छिपे, लेकिन अब तो खुलेआम यह सब होता है, लेकिन उनका स्वरूप बदल गया है। अब हर पार्टी मतदाता को यह बताने में अपनी ऊर्जा लगाती है कि वह उसे कितना आर्थिक लाभ पहुंचा रही है या पहुंचायेगी।



झारखंड में हेमंत सरकार की योजनाएं जहां तक झारखंड का सवाल है, तो यहां का सत्ता पक्ष, यानी झामुमो-कांग्रेस और राजद का गठबंधन न केवल योजनाओं की घोषणा कर रहा है, बल्कि उन्हें तेजी से धरातल पर उतार भी रहा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक हर मतदाता को कुछ न कुछ आर्थिक लाभ देने की योजनाएं या तो लागू कर दी गयी हैं या फिर उनकी घोषणा की जा चुकी है। सुकन्या समृद्धि योजना से लेकर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना के सहारे झारखंड का हर व्यक्ति किसी न किसी सरकारी योजना का लाभुक बन रहा है। अबुआ आवास योजना से लेकर किसान कर्ज माफी योजना और दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त किये जाने का लाभ भी लोगों को मिलने लगा है। स्कूल में पढ़ने के लिए किताबें, ड्रेस और साइकिल से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की योजना भी चल रही है, तो नियुक्ति पत्र दिये जा रहे हैं और नयी नियुक्तियों की घोषणा भी हो रही है। विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप दी जा रही है, तो यहां कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। दूध उत्पादकों को दो रुपये की जगह पांच रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन देने का वादा किया गया है। अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के लाभुक बनाये जा रहे हैं। झारखंड सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। अब राज्य में बिजली उपभोक्ताओं को दो यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है, वहीं, 18-50 आयुवर्ग की बहनों और बेटियों को मंईयां सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह दिये जा रहे हैं। किसानों के दो लाख रुपये तक का कृषि लोन माफ कर दिया गया है। विद्यार्थियों की उच्चतर शिक्षा में सहयोग के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है, तो तकनीकी शिक्षा हेतु मानकी मुंडा छात्रवृत्ति शुरू की गयी है।

### क्या हैं भाजपा के वादे

उधर झारखंड की सत्ता दोबारा हासिल करने के लिए भाजपा भी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इसके लिए उसने भी वादों का पिटारा खोल दिया है। पार्टी ने हालांकि अपना चुनाव घोषणा पत्र अब तक जारी नहीं किया है, लेकिन इसके नेता अभी से ही चुनावी वादों का ब्लूप्रिंट जनता के सामने रखने लगे हैं। इन वादों में एक तरफ जहां सत्तारूढ़ गठबंधन की योजनाओं की काट के रूप में नयी योजना प्रस्तुत की जा रही है, वहीं लोगों को अधिक आर्थिक लाभ देने का वादा भी किया जा रहा है। इन वादों में किसानों के लिए धान की सरकारी खरीद की कीमत 31 सौ रुपये करने से लेकर गोगो दीदी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये देने का संकल्प शामिल है। इसके अलावा महिलाओं के नाम संपत्ति की रजिस्ट्री फिर से एक रुपये में करने का वादा भी किया जा रहा है। हाल ही में उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ परीक्षा में मृत अभ्यर्थियों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया है। पार्टी ने कहा है कि उसकी सरकार बनने पर किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपये सालाना दिये जायेंगे। यह योजना पूर्व की भाजपा सरकार में लागू थी। किसानों के खेतों तक चेक डैम और अन्य माध्यमों से पानी पहुंचाने का वादा किया जा रहा है। इसके अलावा गरीबों के लिए आकर्षक आवास योजना लाने, विद्यार्थियों को अधिक स्कॉलरशिप देने का वादा भी किया जा रहा है। बेरोजगारों के लिए भत्ता और गरीबों के लिए आर्थिक लाभ वाली योजनाएं लागू करने की बात भी भाजपा के नेता कर रहे हैं। भाजपा का वादा है कि सरकार बनते ही वह राज्य में 2 लाख 87 हजार रिक्त पदों पर तुरंत भर्ती करेगी। सहायक पुलिसकर्मियों, पारा शिक्षकों, सहिया-सहायिका, आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी का वादा किया जा रहा है। झारखंड में कैलेंडर के हिसाब से पारदर्शी तरीके से परीक्षा लेने का वादा भाजपा कर रही है। साथ ही भाजपा केंद्र में मोदी सरकार की ओर से लागू की गयी योजनाओं की फेहरिश्त भी गिना रही है। राज्य में सड़कों और फ्लाईओवरों का जाल बिछाने का वादा किया जा रहा है। इससे इतर भाजपा झारखंड और खासकर संथाल परगना में डेमोग्राफी चेंज के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। वह वादा कर रही है कि भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को झारखंड से खदेड़ दिया जायेगा। भाजपा यहां की बेटी, माटी और रोटी की सुरक्षा की गारंटी दे रहे हैं। भाजपा के वादों में कानून व्यवस्था, बालू-कोचले की तस्करी पर रोक और दलाल-बिचौलियों पर वार किया जा रहा है। भाजपा वादा कर रही है कि भाजपा सरकार बनते ही झारखंड के लोगों को सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को मुफ्त सौर ऊर्जा दी जायेगी।

योजनाओं और घोषणाओं-वादों को झारखंड की जनता अब अपने तराजू पर तौलने लगी है। हर तरफ इसकी चर्चा हो रही है। ऐसे में झारखंड के लोग इन योजनाओं, घोषणाओं और वादों से कितने प्रभावित होंगे, यह देखनेवाली बात होगी।

---

### हजारीबाग में परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया हिमंता बिस्वा सरमा ने

## परीक्षा में कथित धांधली की बात पीएम तक पहुंचायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों का जायजा लेने असम के सीएम सह झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पहुंचे। यहां एसएससी-सीजीएल एग्जाम में हुई कथित



धांधली और प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर हजारीबाग के सैकड़ों परीक्षार्थी उनसे मिले। परीक्षार्थियों ने यहां विस्तार से परीक्षा में हुई धांधली की बात बतायी। हिमंता ने गंभीरता से उनकी बातें सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी बातें जायज हैं। झारखंड सरकार परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने परीक्षार्थियों को यह भी कहा कि उनकी बात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक जरूर पहुंचायेंगे, ताकि जब 2 अक्टूबर को वह हजारीबाग आयें, तो सारी जानकारी पहले से प्राप्त कर लें।

## सीजीएल परीक्षा में बड़े-बड़े दावों के बावजूद झारखंड सरकार फेल : अमर कुमार बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हेमंत सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में पड़ गयी है। वहीं राज्य के युवाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है। उच्च न्यायालय ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आयी है। उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किये गये। बावजूद



इसके सरकार ने नौकरी बेच दी। वहीं जिस किसी ने भी इसका विरोध किया, उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर डराया-धमकाया जा रहा है। इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य का नेट वर्क बंद कर दिया। कहा कि असम की तर्ज पर यह काम किया है, जबकि असम सरकार ने परीक्षा से एक हफ्ते पहले सूचना देकर नेट बंद किया था। इस सरकार ने रात के दो बजे से नेट बंद किया, ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांट सकें। अमर बाउरी ने कहा कि 22 सितंबर से 27 सितंबर में ही सरकार की हालात खराब हो गयी। 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को इस परीक्षा में दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा से पहले ही उत्तर छात्रों के हाथ में आ गये थे। उत्तर की तीन कॉपियां छात्रों ने मेरे पास पहुंचायी हैं। छात्रों पर सरकार का दबाव ज्यादा है, इसलिए छात्र डरे हुए हैं। भाजपा ने इस गड़बड़ी को प्रमुखता से उठाया है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल करते कहा कि क्या सरकार एक भी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के दे सकती है? इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिए और जेएसएससी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कैशलेस इलाज की सुविधा देनेवाली संचिका का दो महीने से स्वास्थ्य मंत्री के पास लंबित रहना संदिग्ध, विभागीय सचिव करें पहल: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार के कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज के मसले पर स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका को लेकर आशंका जाहिर की है। उन्होंने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव से मांग की है कि वह राज्य सरकार के कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए निविदा से चयनित बीमा कंपनी को



शीघ्र कार्यादेश देना सुनिश्चित करायें। सरयू के मुताबिक, राज्य सरकार के कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा देनेवाली संचिका मंत्री के यहां दो महीने से लंबित है। जबकि निविदा में प्रिमियम की न्यूनतम दर वाली बीमा कंपनी को उसके चयन का पत्र दे दिया गया है। निविदा समिति ने उसके चयन की मंजूरी दे दी है। वित्त विभाग और विधि विभाग की सहमति इस पर मिल गयी है। परंतु बीमा कंपनी को कार्यादेश जारी करने के बदले संचिका स्वास्थ्य मंत्री के पास चली गयी है और दो महीना से उनके यहां पड़ी हुई है। सरयू राय ने सवाल उठाते कहा है कि निविदा समिति के निर्णय के बाद संचिका मंत्री के पास जाने और लंबित रहने का कारण क्या हो सकता है? क्या मंत्री ने संचिका मांगी है? वित्त और विधि विभाग की स्वीकृति मिलने के बाद निविदा की संचिका मंत्री के पास लंबित रहने का क्या तुक है? सरयू राय के अनुसार इसके पहले भी 2023 में निविदा निकली थी। तीन सरकारी बीमा कंपनियों ने निविदा में भाग लिया था। एक तकनीकी दृष्टि से अयोग्य हो गयी तो बाकी दो में जिसका दर न्यूनतम था, उसे कार्यादेश देने के बदले निविदा ही रद्द कर दी गयी।

## सीएनटी के उल्लंघन में फंसे जिला अवर निबंधक हिनू सुजीत सिन्हा, चलेगी विभागीय कार्यवाही



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तत्कालीन जिला अवर निबंधक ग्रामीण क्षेत्र हिनू, रांची सुजीत कुमार सिन्हा के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके खिलाफ रांची उपायुक्त ने 18 जनवरी 2022 को ही आरोप पत्र तय करके कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह आरोप था कि उन्होंने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा-46 1 बी का उल्लंघन किया था। पूरे मामले में उनसे स्पष्टीकरण भी पूछा गया था। सरकार ने डीसी से मंतव्य भी लिया, जिसके बाद विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आइएएस कमला जॉन लकड़ा को बनाया गया है। अपर समाहर्ता रांची को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी किया है। सुजीत सिन्हा अभी निबंधन कार्यालय के निरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

28 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 338

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

### मुख्यमंत्री ने जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 527 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# सीजीएल परीक्षा की हकीकत का पता नहीं, बस मीडिया ट्रायल चल रहा: हेमंत

- अभ्यर्थियों से बोले, आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिये को आगे बढ़ाने में करें



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर हकीकत का किसी को पता नहीं है और केवल मीडिया ट्रायल चल रहा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां जैप-1 सभागार में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कुल 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अभी आप लोगों ने सुना है न कि उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो गयी। मुझे लगता है कि कोरोना के बाद यह शारीरिक दक्षता वाला पहला एग्जाम रहा। इसमें दर्जन भर से ज्यादा नौजवानों ने जान गंवा दी। हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। इसकी तह तक जाने का हमारा प्रयास रहेगा, क्योंकि झारखंड के युवा इतने कमजोर नहीं हो सकते हैं कि वे 10 किलोमीटर दौड़ ना सकें। हमने इसके लिए मदद मांगी है कि इसकी विस्तृत जांच हो कि आखिर इसके पीछे की वजह क्या है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी एक एग्जाम हुआ है जेएसएससी का। उसमें मीडिया ट्रायल चल रहा है। वास्तविकता का अता-पता नहीं है। खबरों में, मीडिया में सरकार को कितना कालिख पोत सकें, इसमें लोग लगे हुए हैं। हम लोगों ने बिल्कुल संकल्पित होकर काम किया है। उसी का नतीजा है कि अब निरंतर हम लोग नियुक्तियां कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि सरकार और राज्य की व्यवस्था किसी एक माध्यम से नहीं चल सकती है। जब सभी क्षेत्रों के लोग राज्य के विकास के पहिये को खीचेंगे, तभी राज्य के सर्वांगीण विकास के बात पूरी हो सकेगी। सीएम ने कहा कि आप सबको पता है कि लंबी लड़ाई के बाद राज्य अलग हुआ। राज्य अलग हुए 25 साल हो रहे हैं। कई वर्षों तक तो झारखंड और बिहार में कैडर भी विभाजित नहीं हो पाया था। ऐसी स्थिति में अस्थायी व्यवस्था से चीजों को चलाया गया। धीरे-धीरे कैडर विभाजन के साथ-साथ नियुक्ति की भी प्रक्रिया शुरू हुई। कई जगह नियुक्तियां राज्य अलग होने के तुरंत बाद होनी चाहिए थी, वो अब तक नहीं हो पायी थीं। कई संवर्ग की नियुक्ति नियमावली का नहीं बनना मुख्य कारणों में से एक रहा। 2019 में हम लोगों ने सरकार संभाली, तो स्थिति ऐसी रही कि राज्य के विकास की बात तो छोड़िए, राज्य में हम लोग जिंदा कैसे रहें, इस पर हम लोग चिंतित रहने लगे थे। धीरे-धीरे कोरोना का बादल छंटा। विभागवार समीक्षा हुई, तो पता चला कि कई संवर्गों की नियुक्ति नियमावली भी नहीं है। कई लोग बहाल हुए, तो उनकी बहाली में उलझनें भी आ गयीं। कुछ वास्तविक उलझन रही, कुछ दिखावे की उलझन रही।

सीएम हेमंत ने कहा कि इस राज्य को कई तूफानों का सामना करना पड़ा। कई हिचकोले खाने पड़े। फिर हम लोगों ने सभी विभागों के अंदर सभी संवर्गों के लिए नियमावली बनायी। हम लोगों ने जेपीएससी की परीक्षा कंडक्ट करायी है। देश में उसका रिकॉर्ड रहा है कि सबसे कम समय में हमने उसका रिजल्ट प्रकाशित कर बीडीओ, सीओ, कलक्टर बनाने का काम किया। कई बार हम लोगों ने नियुक्ति पत्र बांटे। बांटने के बाद एक नयी समस्या खड़ी होती है कि अब इनको पदस्थापन करना है। हमारा प्रयास रहा है कि हर चीज पारदर्शिता से हो। न्याय संगत हो। हम सबको एक नजरिये से देखते हैं। बिखरी हुई चीजों को हम समेटने में लगे हैं।

### किन-किन विभागों के लिए मिला नियुक्ति पत्र

| पद | विभाग नियुक्ति |
|---|---|
| पीजीटी/टीजीटी शिक्षक | 120 |
| सहायक शिक्षक | 200 |
| प्रयोगशाला सहायक | 56 |
| पेयजल स्वच्छता | 47 |
| पथ निर्माण | 25 |
| जल संसाधन | 49 |
| नगर विकास एवं आवास | 28 |
| वित्त | 01 |
| वाणिज्य कर | 01 |
| खाद्य आपूर्ति | 01 |
| रिम्स | 03 |

हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि आज इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सबसे अधिक शिक्षकों की संख्या दिख रही है। हमें खुशी है कि आप अब सरकार की मजबूत कड़ी के रूप में जुड़ेंगे। हम लोगों ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया है। आज भी कई बच्चे हैं, जो प्राइवेट स्कूल में जाने की चाह रखते हैं। लेकिन आर्थिक तंगी के चलते नहीं जा पाते हैं। अब हमारा प्रयास है कि उस आर्थिक तंगी को हम मिटायें। निश्चित रूप से जिस तरह से हम आगे बढ़ रहे है, उसमें हमारे कदम ना रुकें।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच के लिए बनी कमेटी

- राज्यपाल के आदेश के बाद जेएसएससी ने बनायी जांच कमेटी
- छह लोगों को भेजा नोटिस, पूछताछ के लिए बुलाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कॉमन ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच के लिए जेएसएससी ने एक कमेटी का गठन कर दिया है। जेएसएसी ने शुक्रवार को इस बारे में आदेश जारी किया। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। उसने दो कोचिंग संचालकों समेत छह लोगों को नोटिस जारी कर कहा कि 30 सितंबर को आयोग के दफ्तर में आकर अपनी स्थिति स्पष्ट करें और जांच में सहयोग करें। इनमें एग्जाम फाइटर कोचिंग सेंटर के कुणाल प्रताप सिंह के साथ-साथ आशीष कुमार, प्रकाश कुमार, रामचंद्र मंडल, विनय कुमार और प्रेमलाल ठाकुर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

**क्या कहा गया है शिकायत में :** इन सभी छह लोगों को एक चिट्ठी भेजी गयी है, जिसमें कहा गया है कि आपने 26 सितंबर 2027 को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के विषय में शिकायतें की हैं। सबूत के तौर पर एक सीडी और एक पेन ड्राइव के अलावा 54 पेज का दस्तावेज भी सौंपा है। सचिव ने कहा है कि आपने पेन ड्राइव और सीडी की ओरिजिनल कॉपी उपलब्ध नहीं करवायी है। पत्र में कहा गया है कि इस मामले की जांच जल्द से जल्द पूरी करने के लिए जरूरी है कि ओरिजिनल पेन ड्राइव और सीडी उपलब्ध करवायें। इसलिए 30 सितंबर 2024 को अपराह्न तीन बजे आयोग के कार्यालय में उपस्थित हों और अपनी स्थिति स्पष्ट करें। जांच में सहयोग करें।

### राज्यपाल के आदेश के बाद जेएसएससी ने बनायी जांच कमेटी

जेएसएससी सीजीएल 2023 की परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों को जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर खारिज कर दिया था। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा था कि परीक्षा में गड़बड़ी के सबूत दें, तो परीक्षा को रद्द कर देंगे। इससे पहले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिकायतों के आधार पर सरकार से कहा था कि जेएसएससी की विश्वसनीयता बनी रहनी चाहिए। इसलिए जेएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच करायी जाये।

### जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता करेंगे अध्यक्षता

जेएसएससी के आदेश में कहा गया है कि सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बनी तीन सदस्यीय कमेटी परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की शिकायतों की जांच करेगी। कमेटी के दो सदस्यों में आयोग की संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप-सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार लाल शामिल किये गये हैं।

### एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देगी कमेटी

आदेश में कहा गया है कि यह कमेटी एक सप्ताह में शिकायतों की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। छात्र संगठनों और झारखंड की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की थी। झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने परीक्षा में कथित गड़बड़ी का मामला उठाया था।

# रोटी, माटी और बेटी बचाने के लिए परिवर्तन जरूरी: शिवराज

- महुआडांड़ में हेमंत सरकार पर जोरदार हमला बोला
- हम बदल देंगे झारखंड की तस्वीर और तकदीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुआडांड़।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड की माटी, रोटी और बेटी बचाने के लिए परिवर्तन जरूरी है। महुआडांड़ में प्रदेश भाजपा की परिवर्तन सभा में शुक्रवार को वह हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर बरसे और उसे विकास विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने प्रदेश को तबाह कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम ने जनता से सैकड़ों वादे किये थे। पांच लाख नौकरियां, बेरोजगारी भत्ता और महिलाओं को चूल्हा खर्च सहित कई वादे किये गये थे, लेकिन पिछले पांच सालों में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। अब चुनाव के नजदीक आते ही वोट की लालच में बहनों के खातों में एक हजार रुपये डाले जा रहे हैं, लेकिन हम सभी महिलाओं के खाते में दोगुना पैसा डालेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने कहा था कि युवाओं को पांच लाख नौकरी देंगे, पर दिया नहीं। जब चुनाव आया, तो उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ करवा दी। इस सपने को पूरा करने के लिए कई युवा दौड़े। उनकी माताओं ने भी सपना संजो कर रखा था कि बेटा वर्दी पहन कर आयेगा, लेकिन वह कफन में लिपटा हुआ आया। लगभग 2.87 लाख सरकारी पद झारखंड में खाली हैं। भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में नौजवानों को नौकरी देने का फैसला किया जायेगा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज रोटी, बेटी संकट में है। आज रोहिंग्या मुसलमान, घुसपैठिये, विदेशी ताकतें इस धरती और माटी के संसाधन पर कब्जा कर रहे हैं। पांच-10 साल में यह इलाका विदेशी बहुल हो जायेगा। हमारी बेटियों का जबरन धर्मांतरण करवाया जा रहा है। 50-50 टुकड़े करके फेंक दिया जा रहा है। आज सत्ता पक्ष के विधायक के पास से करोड़ों रुपये पकड़ा रहे हैं। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की आज जरूरत है। इसलिए आप सभी कमल के फूल के बटन को दबाइये। रोटी को भी बचायेंगे, बेटी को भी बचायेंगे और इस माटी को भी बचायेंगे। इस सरकार को उखाड़ कर चैन की सांस लेंगे। आप हमें समर्थन दीजिए। हम परिवर्तन देंगे। न सहेंगे, न कहेंगे, बदल कर रहेंगे। संघर्ष की शंख फूंका गया है। वचन दे रहा हूं कि आपने आशीर्वाद दिया, तो हम झारखंड की तस्वीर और तकदीर को बदल देंगे।

### नेतरहाट में आदिवासी परिवार के साथ खाना खाया



परिवर्तन यात्रा के क्रम में शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार की रात नेतरहाट में बितायी। इस दौरान देर रात तक वह नेतरहाट के आदिवासी अंचलों में रहे और आदिवासी समाज के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस दौरान बैगा जनजाति के साथ-साथ कोरबा, बिरहोर, किसान और चीक बड़ाइक समाज के साथ बातचीत की। आदिवासी समाज ने शिवराज सिंह चौहान का परंपरागत ढंग से स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री पूरी तरह आदिवासी रंग में रंगे नजर आये। उन्होंने ढोल बजाया और नृत्य भी किया। इसके बाद उन्होंने जामाटोली, नेतरहाट में झारखंड का पारंपरिक भोजन किया। गोंदली चावल, मकई घट्ठा, भपाल सलाद, फुटकल चटनी, बांस करील भुजिया, बार बोदी दाल का स्वाद लिया। वहीं नेतरहाट के किसानों ने फसल की बुआई के समय और पूजा के समय किये जाने वाले पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। शिवराज सिंह ने नेतरहाट में ही रात्रि विश्राम भी किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और केंद्रीय मंत्री के नाते आदिवासी समाज के लोगों के बीच आया हूं। मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री रहते भी पहले कई बार आदिवासी भाई-बहनों के बीच गांवों में रुक चुका हूं। फिर से मुझे सौभाग्य मिला है कि मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों के बीच आ पाया। उन्होंने कहा कि ये हमारा परिवार है और इनकी सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है। आदिवासी समाज की संस्कृति और रंग अद्भुत है।

### कोल्हान में मंईयां सम्मान यात्रा का जोरदार स्वागत

# 'अबुआ दिसुम रे अबुआ राज' के सपने को चकनाचूर करने पर तुली है भाजपा: कल्पना

- विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले, उनकी यहां नहीं चलनेवाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि भाजपा 'अबुआ दिसुम रे अबुआ राज' के सपने को चकनाचूर करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले, उनकी यहां नहीं चलनेवाली है। वह शुक्रवार को कोल्हान में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान आयोजित सभाओं में बोल रही थीं। यात्रा की शुरुआत में उन्होंने कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा और समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य का गठन यूं ही नहीं हुआ है, बल्कि इसे बनाने के लिए कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हूं। उनके त्याग और बलिदान को यूं ही व्यर्थ जाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने 'अबुआ दिसुम रे अबुआ राज' को स्थापित करने का सपना देखा था, लेकिन यहां भाजपा उनके सपने को चकनाचूर करने पर तुली हुई है। आसन्न विधानसभा चुनाव में माताओं और बहनों का आशीर्वाद फिर से झामुमो को प्राप्त होगा और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी की अगुवाई में राज्य की तमाम माताओं और बहनों को सम्मान दिया है। हेमंत सोरेन सरकार ने उनके दुख-दर्द को समझा है, तभी तो झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए 18 से 50 साल तक की माताओं और बहनों को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है। भाजपा को माताओं और बहनों की चिंता नहीं है। इसलिए उसने कभी माताओं और बहनों के सशक्तिकरण के लिए कोई योजना शुरू नहीं की। उन्हें तो बस जनता के सामने झूठ-सच बोलना है और सत्ता पर काबिज होना है। मंईयां सम्मान यात्रा में मंत्री रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक सविता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### महिलाओं ने पुष्प वर्षा और माला पहना कर किया स्वागत

कदमा उलियान से मंईयां सम्मान यात्रा का काफिला मानगो खुदीराम बोस गोलक्कर के पास रुका। यहां झामुमो की महिलाओं, कार्यकर्ताओं और नेताओं ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। उसके बाद मंईयां सम्मान यात्रा का काफिला डिमना चौक पहुंचा। यहां झामुमो मानगो नगर समिति और आदिवासी-मूलवासी समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा और माला पहना कर स्वागत किया। यहां कल्पना सोरेन, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह समेत अन्य नेताओं ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### कैबिनेट की बैठक में 49 प्रस्तावों को मंजूरी

# पांच लाख नये राशन कार्ड बनेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में 49 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा में संशोधन किया और लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख कर दिया है, यानी राशन कार्ड पांच लाख बढ़ाने का फैसला किया गया। डीलर कमीशन भी एक सौ से बढ़ा कर डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। एक अन्य फैसले के अनुसार रसोइया सहायिका को अब 12 माह का मानदेय मिलेगा। पहले 10 माह का ही मिलता था। उनका मानदेय एक हजार रुपये प्रति माह है। इसके अलावा बैठक में मोटरयान स्क्रैपिंग सुविधा 2024 की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत 15 साल से अधिक अवधि वाले सरकारी वाहन का संचालन बंद कर उन्हें कबाड़ घोषित किया जायेगा।

(अन्य फैसले पेज 05 पर)

### घाघरा में परिवर्तन संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत, सभा में उमड़ी भीड़

# दलालों की मदद से आदिवासी जमीन का नामांतरण करा रही हेमंत सरकार: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि हेमंत सोरेन सरकार यहां के आदिवासियों की जमीन को अपने दलालों की मदद से गैर-आदिवासी के नाम स्थानांतरित करा रही है। दलाल कोलकाता जाकर गैर-आदिवासी जमीन बनाने का काम कर रहे हैं, ताकि हेमंत सोरेन को मोटा कमीशन मिल सके। अपने-आप को आदिवासियों का हितैषी कहनेवाली हेमंत सरकार आदिवासियों के हितों को नजरअंदाज कर अपनी जेब गरम करने में लगी है। शुक्रवार को यहां परिवर्तन यात्रा सभा में उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को बालू भी नसीब नहीं हो रहा है। घाघरा के हाइ स्कूल मैदान में आयोजित सभा में महिला मोर्चा द्वारा रोटी, माटी और चावल एक कपड़े में लपेट कर उनको दिया गया और इसकी रक्षा करने की बात कही गयी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा द्वारा परिवर्तन संकल्प यात्रा की आवश्यकता वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी, युवा विरोधी, किसान विरोधी, महिलाओं की रक्षा करने में विफल, कानून व्यवस्था बहाल करने में विफल सहित कई जन मुद्दों को लेकर पड़ी। राज्य की हालत लोगों से छुपी नहीं है। पुलिस को हेमंत सरकार ने वसूली करने में लगाया है। राज्य की मां-बहनों के साथ दुराचार हो रहा है। राज्य के लोग अपने-आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कानून की धज्जियां उड़ने की बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन हड़पी जा रही है। परीक्षा में होने वाली धांधली को इंटरनेट बंद कर छिपाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में 25 लाख लेकर प्रश्न पत्र लीक कराया जा रहा है और पिछली परीक्षा के प्रश्न पत्र को दोहराया जा रहा है। यह हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार को साफ उजागर कर रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासियों को सम्मान देने का काम यदि किसी ने किया है, तो वह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने एक आदिवासी को देश का राष्ट्रपति बनाने का काम किया है। सभा में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत अन्य लोग उपस्थित थे।





## राज्यपाल संतोष गंगवार ने दी खनिजों पर सेस लगाने की मंजूरी

# 4000 करोड़ का लाभ होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 पर अपनी स्वीकृति दे दी है। जिसके बाद अब गजट प्रकाशन के साथ ही राज्य में यह कानून लागू हो जायेगा। इस कानून के तहत राज्य में खनिजों पर सेस यानी उपकर लगेगा।

**राज्यपाल ने विधानसभा से पारित विधेयक को दी स्वीकृति :** यह विधेयक विधानसभा से पारित होकर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इसके तहत झारखंड की खनिज धारित भूमि से खनिज के उत्खनन पर रॉयल्टी पर उपकर (सेस) लगाने और इससे प्राप्त होनेवाली राशि से राज्य में आवश्यक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आर्थिक शक्ति प्राप्त होगी।

राज्य की इन आवश्यक उद्देश्यों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा सेवाएं, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल एवं स्वच्छता सहित अन्य आवश्यकताएं शामिल हैं। इस विधेयक को स्वीकृति मिलने और राज्य में सेस लागू होने पर खान विभाग को 2000 से लेकर 4000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त राजस्व वसूली का अनुमान है, जिससे राज्य सरकार को लाभ होगा। वर्तमान में खान विभाग का राजस्व करीब 12 हजार करोड़ का है, जो अब बढ़ने वाला है।

### सुप्रीम कोर्ट से मिला था आदेश

इस मामले में 25 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने खदानों की भूमि पर सेस लगाने का निर्णय लिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में राज्यों को खनिजों वाली जमीन पर उपकर (सेस) लगाने का अधिकार दिया गया था। इस आदेश में कहा गया था कि सेस से मिलने वाली राशि सरकार द्वारा राज्य के विकास पर खर्च की जायेगी।

## न्याय मार्च निकाल कर ज्ञापन सौंपा

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी और झारखंड नवनिर्माण दल सहित कई अन्य सामाजिक संगठन की अगुवाई में शुक्रवार को रांची स्थित मोराबादी मैदान से एक न्याय मार्च निकाला गया। मार्च कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंची इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने किया। शिव उरांव ने कहा कि झारखंड में अविलंब सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति सर्वदलीय बैठक बुलाकर बनायी जाये। उन्होंने कहा कि अन्य मांगों में मजदूर व बेरोजगारों के लिए सुरक्षित काम की व्यवस्था करने, महंगाई के हिसाब से मजदूरी तय करने, विस्थापन पलायन व मानव तस्करी पर रोक लगाने, सीएनटी व एसपीटी एक्ट में छेड़छाड़ बंद करने, किसानों के खेत में सिंचाई का साधन बनते हुए लोन माफ करने, फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाये। इस मौके पर विजय सिंह, अब्दुल खालिक, पुष्पा उरांव, बिजली मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने रक्षा राज्य मंत्री से की मुलाकात



**इंदौर तक की सीधी रेल सेवा बहाल करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद रांची संजय सेठ से मुलाकात कर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश की ओर से झारखंड की राजधानी रांची से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल होते हुए इंदौर तक की सीधी रेल सेवा बहाल करने की मांग की। महासभा के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मांग पत्र में कहा है कि रांची से सीधी रेल सेवा जुड़ी नहीं रहने के कारण भोपाल और इंदौर जाने में अतिरिक्त 8 से 10 घंटे बर्बाद हो जाते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को एक की जगह दो-दो जगहों पर रेल पकड़ने के लिए प्लेटफार्म बदलना पड़ता है। अगर रांची और भोपाल के बीच सीधी रेल सेवा हो जायेगी तो ना सिर्फ बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान होगा बल्कि स्टेशन से दूसरे स्टेशन पकड़ने वाले यात्री जो स्टेशन पर प्रतीक्षा करते हैं, प्रतीक्षालय में भी भीड़ कम होगी। साथ ही साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों, पर्यटन, रोजी रोजगार के क्षेत्र में ओ अप्रत्याशित वृद्धि होगी। जिसका लाभ दोनों राज्यों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज हमेशा से ही अपने भगवान चित्रगुप्त के निर्देशों का पालन करते हुए कायस्थ समाज के साथ-साथ वृहत्तर समाज की जन सेवा की भावना रखती है।

## कांग्रेस पार्टी से तेली समाज को टिकट देने का आग्रह : प्रियंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव एवं महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले चार अगस्त को प्रदेश स्तरीय विचार-गोष्ठी में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि जिस किसी भी बड़ी पार्टी के द्वारा तेली समाज के लोगों को टिकट दिया जायेगा। उन्हें जिताने के लिए राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन पूरी ताकत लगा देगी। प्रतिनिधियों को सुनने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आप तेली समाज के भावना का सम्मान करता हूं। बहुत जल्द पार्टी हाईकमान से बात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव एवं महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी के साथ राम विलास साव, नंदलाल साव, तारीक साव, हजारी प्रसाद साहू, अशोक प्रसाद साहू शामिल रहें।

## झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी पहुंचे रांची


**चुनावी तैयारी का लिया जायजा, युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने युवाओं को टिकट देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर और मजबूती से चुनाव लड़ने के विषय पर झारखंड के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मंथन करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रदेश सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद रांची पहुंचे। युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने रांची परिसदन में उनसे मुलाकात कर स्वागत किया। श्री प्रसाद ने आगामी विधानसभा के परिपेक्ष में रोहित सिन्हा से जानकारी ली। रोहित सिन्हा ने उन्हें राज्य की राजनीतिक स्थिति और कांग्रेस के प्रति आम लोगों का जुड़ाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया। रोहित सिन्हा ने उनसे मांग किया कि युवाओं की बड़ी भागीदारी को देखते हुए युवाओं को भी कांग्रेस पार्टी का टिकट दिया जाये ताकि राजनीति में युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व मिल सके। श्री प्रसाद ने आश्वासन दिया कि इस संदर्भ में केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जायेगा। युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने रांची विधानसभा के लिए अपना दावा सह प्रभारी सिरिवेला प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

## एनडीडीबी और झारखंड सरकार के बीच एमओयू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधा डेयरी का संचालन करने के लिए झारखंड सरकार और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एमओयू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की उपस्थिति में किया गया। एमओयू में कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीख और एनडीडीबी की ओर से एक्सक्यूटिव डायरेक्टर एस रघुपति ने हस्ताक्षर किया। यह एमओयू पांच साल के लिए किया गया है। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव, सांसद महुआ माजी, डेयरी डायरेक्टर किरण पासी, मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बारिश के बावजूद एक्सपो उत्सव में बच्चे और महिलाओं की भीड़, जमकर हो रही है खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्सपो मेले में बारिश के बावजूद जमकर खरीददारी हो रही है। एक्सपो के 27वें संस्करण ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है। एक तरफ जहां बच्चों को फनगोला एम्यूजमेंट पार्क बेहद पसंद आ रहा है, वहीं महिलाओं को बनारसी साड़ी, बॉलीवुड सूट और होम अप्लायंसेस जैसी वस्तुएं आकर्षित कर रही हैं। पुरुष वर्ग के लिए ऑटोमोबाइल जोन मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां मर्सिडीज, ऑडी, मारुति, बीएमडब्ल्यू जैसी चार पहिया वाहन और सुजुकी, ट्रायम्फ जैसे दो पहिया वाहनों का भव्य प्रदर्शन किया गया है।



**अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की धूम :** इस बार एक्सपो में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की भी धूम है। थाईलैंड के फुटवियर, ईरान के कालीन, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, बांग्लादेश की साड़ियां और कुर्तियां भी खरीददारों को खूब पसंद आ रही हैं। साथ ही, तुर्की की प्रसिद्ध मिठाई बकलावा भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हर दिन नयी-नयी प्रतियोगिताओं और शोज का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार के फैशन शो में बेहतरीन मॉडलों ने रैंप पर उतरकर नये परिधान और आभूषणों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, डॉग शो में भी कई नयी नस्लों के कुत्तों का प्रदर्शन हुआ, जिसे देखकर लोग रोमांचित हो गये। एक्सपो में हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास है, जो इसे शहर का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय कंज्यूमर फेयर बना रहा है।

### आज की रात होगी खास

एक्सपो उत्सव 2024 में इस शनिवार की रात खास होगी, क्योंकि मिडनाइट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। रात 11 बजे तक एंट्री की अनुमति होगी, जिससे लोग देर रात तक खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। मिडनाइट बाजार के साथ-साथ कई नये और रोमांचक इवेंट्स भी आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें वॉइस ऑफ एक्सपो और हेल्दी बेबी शो जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।


**NAME CHANGE**

As per Affidavit No.:1723 Date: 18/09/2024, GRN No.:2404167554, I the undersingned RUDRANSH RAJ, previous called MUNMUN MAHAJAN doing Student and resident of village Banasandi, P.O. & P.S. Simariya, Distt.-Chatra, State of Jahrkhand solemnly declare :-

1. That for and one behalf of myself and my Father and remitter issue wholly resonance and abandon the use of my former name MUNMUN MAHAJAN and in place thereof I do hereby assume from this date the name RUDRANSH RAJ and so that I and Father and remitter issue my thereafter be called, known and distinguish not by my former name but assumed name RUDRANSH RAJ.
2. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceedings and transactions, private as well as upon all occasion whatsoever use and sign the name of RUDRANSH RAJ as my name in place and in substitution of my former name MUNMUN MAHAJAN.
3. That I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends in particular, all times hereafter to designate and address me, my Father remitter issue by such assumed name of RUDRANSH RAJ accordingly.
4. That in witnesses whereof I have hereunto subscribed any former and adopted name of MUNMUN MAHAJAN and RUDRANSH RAJ affixed my signature and seal, if any this 13th day of sep. 2024


## सीआइटी में ओरिएंटशन प्रोग्राम जानकी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में इंजीनियरों की भूमिका अहम होती है। आप लगन लगाकर अपनी पढ़ाई पूरी करें और विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बने। उक्त बातें जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह ने कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी ) में इंजीनियरिंग के नावागंतुक विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटशन प्रोग्राम जानकी 24 में कही। उन्होंने विद्यार्थियों को एआइसीटीइ द्वारा चलाये जा रहे स्कीमो की जानकारी भी दी। कुलपति ने विद्यार्थियों को फिजिकल एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर भाग लेने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बीआइटी, सिंदरी के पूर्व निदेशक डॉ एस के सिंह व वीर कुंवर सिंह वि.वि आरा के पूर्व कुलपति डॉ एस पी सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर विद्यार्थियों को मोटीवेट किया। बता दें कि मुख्यालय से बाहर होने के कारण जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह वर्चुअल मोड में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, संगीत, आदि की मनभावन प्रस्तुति दी। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने स्वागत भाषण दिया। वहीं कैंब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी चौहान ने कैंब्रिज ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ बहादुर सिंह के जीवनी को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान ही संस्थान की उप प्राचार्य व एल्युमिनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो रशिका नवनीत सिंह ने विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए अनुशासन की घुट्टी पिलाई।

बता दें की गुरुवार से नावागंतुक विद्यार्थियों के लिए 21 दिनों का इंडक्शन प्रोग्राम चलेगा। जिसमें विद्यार्थी अपने संस्थान के अलग अलग गतिविधियों से अवगत होंगे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थियों समेत सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक आमसभा कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक आमसभा 29 सितंबर को मारवाड़ी भवन में आयोजित की जायेगी। इस सभा में संविधान संशोधन और चुनाव पद्धति में फेरबदल के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। समिति के पूर्व अध्यक्षों और वरिष्ठ समाजसेवियों ने प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया है, जिसमें पदाधिकारियों के योग्यता की सीढ़ीनुमा शर्तें डालना और संपत्ति संरक्षण मंडल का गठन शामिल है। विरोध करने वालों में पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया, अरुण बुधिया, प्रदीप राजगरिया और अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। उन्होंने आम सदस्यों से अपील की है कि वे सभा में भाग लेकर अपने विचार रखें। विरोध करने वालों ने बताया कि मारवाड़ी समाज के सभी अंग यथा अग्रवाल, ब्राह्मण, माहेश्वरी, जैन ,ओसवाल, सैन, विजयवर्गीय, खंडेलवाल आदि की संयुक्त संस्था 111 वर्ष पुरानी मारवाड़ी सहायक समिति के संविधान में संशोधन का प्रयास पिछले 10 वर्षों से विवाद में चल रहा है । 1958 में बिहार में निबंधित इस संस्था का कार्य लगभग 50 वर्षों तक इस संविधान के आधार पर चल रहा था। वर्ष 2000 के पहले वासुदेव प्रसाद बुधिया व राजकुमार केडिया के कार्यकाल में संशोधनों पर विचार करके विशेष साधारण सभा में संशोधन किया गया। 2002 में विश्वनाथ नारसरिया व धर्मचंद जैन रारा के कार्यकाल में मामूली संशोधन किया गया। तब से अब तक इस संविधान के आधार पर यह संस्था बहुत अच्छे से चल रही है और इसकी सभी संपत्ति भी सुरक्षित हाथों में हैं। मारवाड़ी सहायक समिति में कुछ लोग संविधान में अपने ढंग से संशोधन करने का प्रयास पिछले 6-7 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। विगत दो सत्रों में कार्यकारिणी समिति ने इन संशोधनों को अस्वीकृत कर दिया था। पुनः वर्तमान तीसरे सत्र में वही सब संशोधन लेकर 29 सितंबर 2024 को वार्षिक साधारण सभा बुलायी गयी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा 'स्वच्छ भारत' विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि के तौर पर एनएसएस रांची विश्वविद्यालय, रांची के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार एवं कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कंचन मुंडा मौजूद थे। एनएसएस वॉलिंटियर्स के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### वाइबीएन विवि के छात्र धर्मशाला रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय के तीन एनएसएस छात्र श्वेता परेया, सुमित कुमार सिंह और अभिषेक पंडित 30 सितंबर से 9 अक्टूबर तक धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित एडवेंचर कैंप में भाग लेंगे। शुक्रवार को तीनों छात्र रांची से धर्मशाला के लिए रवाना हो गये हैं। यह कैंप छात्रों के साहस, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। विश्वविद्यालय के चेयरमैन राम जी यादव ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, और उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने छात्रों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम समन्वयक कौशल किशोर ने छात्रों को शुभकामनाएं देकर धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित एडवेंचर कैंप के लिए रवाना किया।

### श्रीलेदर्स ने रांची में नये शोरूम के साथ झारखंड में अपना विस्तार किया




रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय फुटवियर उद्योग में 70 वर्षों से प्रतिष्ठित नाम श्रीलेदर्स को 27 सितंबर, 2024 को रांची शहर के हरमू रोड पर अपने नये शोरूम के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह नया शोरूम झारखंड, बिहार और ओड़िशा में अपने कई स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद आया है, जिससे इस क्षेत्र में श्रीलेदर्स की उपस्थिति और मजबूत हुई है। गुणवत्ता और आराम की विरासत स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे द्वारा 1952 में स्थापित, श्रीलेदर्स किफायती कीमतों पर आरामदायक फुटवियर का पर्याय बन गया है। गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता ने इसे एक वफादार ग्राहक आधार और आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर के साथ-साथ चमड़े के सामान में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी अर्जित की है। उत्पाद पेशकश का विस्तार नये शोरूम में विश्व स्तरीय फुटवियर, चमड़े के सामान, बैग, ट्रैवल बैग, स्पोर्ट्स शूज और एक्टिववियर की विस्तृत रेंज बेहतरीन कीमतों पर उपलब्ध होगी। श्रीलेदर्स की नवीनतम श्रेणी, एसएल प्रीमियम, को खुदरा और ऑनलाइन दोनों ग्राहकों से अच्छी समीक्षा मिली है। श्रीलेदर्स के शेखर डे ने जोर देकर कहा, हम अपने फ्रैंचाइज को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता को प्राथमिकता देते हैं। भविष्य की विकास योजनाएं पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य सुशांतो डे भविष्य के विकास के लिए ब्रांड के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। हमारा लक्ष्य प्रदर्शन-आधारित स्पोर्ट्स शूज पर ध्यान केंद्रित करना है। बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लिए एक अलग स्पोर्ट्स लाइन पेश करना है। रांची शोरूम के अलावा, श्रीलेदर्स आंध्र प्रदेश के विजाग में अपना पहला शोरूम खोलने जा रहा है, जो इसके विस्तार की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यशाला का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। वीपीपीएस रांची ने शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए नशीली पदार्थों के खतरे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी की तरफ से अतुल गेरा, मनोहर मंजुल (एनसीबी) पंचानन सिंह, कुंज बिहारी, मो.रिजवान अंसारी (सीआइडी), आरती वर्मा (बाल कल्याण समिति) राजेश कुमार सिन्हा (एडवोकेट) ने कार्यक्रम में छात्रों को नशीली पदार्थों की लत के गंभीर परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर आपके आस-पास इस तरह के माहौल या व्यक्ति दिख रहे हैं जो नशीले पदार्थों का प्रयोग करते हैं या करने के लिए प्रेरित करते हैं तो आप इसके बारे में तुरंत अपने शिक्षक या फिर हम में से किसी को भी सूचित कर सकते हैं। इसके लिए नारकोटिक्स विभाग एवं ड्रग्स विभाग के हेल्पलाइन नंबर को साझा किया। इस कार्यशाला में विद्यालय की प्राचार्या जया प्रसाद ने बच्चों से कहा कि वे किसी अंजान व्यक्तियों से कुछ ना लें क्योंकि वे नशीली पदार्थ बेचने वाले गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। इसलिए सतर्क रहें और सावधान रहें।

### टेंडर हार्ट ने 225 शिक्षकों को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट विद्यालय में गार्गी मंजू सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षकों को समाज में उचित मान सम्मान से उद्देश्य से विगत वर्ष शुरू हुए इस सम्मान समारोह के दूसरे संस्करण में पूर्वी भारत के सभी राज्यों झारखंड, बिहार, ओड़िशा एवं पश्चिम बंगाल के लगभग 110 विद्यालयों के 225 शिक्षकों को 11,000 रुपये नगद, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन से टेंडर हार्ट विद्यालय पूरे भारत का का प्रथम निजी विद्यालय बना जिसने इतने उच्च स्तर पर शिक्षकों के सम्मान के लिए पहल किया है।टेंडर हार्ट विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों को सम्मान दिया गया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस निरीक्षक अखिलेश कुमार झा एवं टेंडर हार्ट विद्यालय के चैयरमैन सुधीर तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों, पूर्वी भारत के लगभग सभी श्रेष्ठ विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति में टेंडर हार्ट विद्यालय के नये लोगो का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन टेंडर हार्ट विद्यालय के वाइस चैयरमैन वेदांत तिवारी ने किया।

## विधायक ने आदिवासी समुदाय को सेवा प्रदान करने वालों को किया सम्मानित



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा मंदिर स्थित केसरी कुंज के सभागार में सैकड़ो आदिवासी समुदाय समाज में अग्रणी सेवा प्रदान करने वाले लोगों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रामगढ़ धनेश्वर महतो गोला जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी मुख्य रूप से शामिल हुए सभा स्थल पर विधायक के पहुंचने पर आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा पौराणिक पारंपरिक वेशभूषा में अतिथियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। जो आदिवासियों को सम्मानित किया है, झारखंड में प्राचीन काल से निवास रहे आदिवासी के पौराणिक परंपरा से जुड़े इस कार्यक्रम में जिन्हें सम्मानित किया गया। उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल में पहली बार इस तरह का आयोजन कर गांव ग्राम के प्राचीन परंपरा से अपने गांव सुदूरवर्ती इलाकों में गांव के आदिवासी अगवा समाज के मुख्य पहान गोडायत मांझी हडाम सहित दर्जनों प्रकार के जनजातीय समुदाय के लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक मुंडा ने किया और संचालन गुड्डू करमाली ने किया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अमृतलाल मुंडा, किसुन राम मुंडा, रामप्रसाद करमाली, दशरथ टुडू सहित अन्य शामिल हुए।

### स्वास्थ्य विभाग घोटाले की जांच रिपोर्ट आने के बाद डीसी ने की प्रेस कांफ्रेंस

# अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका सीआइडी जांच के लिए भेजा पत्र: डीसी

- अनुसेवक अमजद हुसैन ने कर डाला 3.90 करोड़ का घोटाला
- फर्जी डॉक्टरों के नाम पर किया जा रहा था वेतन का भुगतान

बीरु कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग घोटाले की जांच अब सीआइडी करेगी। रामगढ़ जिला प्रशासन ने जांच करने के लिए एक अनुरोध पत्र सीआइडी को भेजा है। इस बात का खुलासा शुक्रवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने किया है। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले एक करोड रुपए के घोटाले को लेकर यह मामला सामने आया था। लेकिन जांच के दौरान अब तक 3.90 करोड़ तक का घोटाला उजागर हो चुका है। हालांकि अभी तक यह जांच पूरी नहीं हो पायी है। घोटाले की गहरायी बढ़ती जा रही है और जिला प्रशासन का दायरा सीमित है। इसलिए सीआईडी के द्वारा ही इसकी जांच करायी जानी उचित है।

**टीडीएस के नाम पर भी बड़ी गड़बड़ी:** तीसरा सबसे बड़ा घोटाला टीडीएस के नाम पर हुआ। वेतन का टीडीएस आयकर विभाग के खाते में ना जाकर अमजद हुसैन और उसकी पत्नी के खाते में भेजा गया। यह सारे मामले एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहे हैं।

**रामगढ़ के पूर्व सीएस प्रभात कुमार के समय में खोला गया था आइडी :** डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अप्रैल 2021 से सितंबर 2024 तक की जांच की जा चुकी है। इस बीच में भी कई वर्षों के वाउचर और कई अन्य संचिकाएं उपलब्ध नहीं हो पायी है। उन्होंने बताया कि जिन पांच डॉक्टर के नाम पर घोटाला हुआ था उनकी आइडी तत्कालीन सिविल सर्जन प्रभात कुमार के कार्यकाल में बनाये गये थे।

**डॉ वीणा कुमारी को दिया गया था मेटरनिटी लाभ:** डीसी ने बताया कि डॉक्टर वीणा कुमारी के नाम पर किया गया फर्जीवाड़ा एक अनोखे तरीके का है। डॉक्टर वीणा कुमारी रामगढ़ जिले में सिर्फ एक महीने के लिए पदस्थापित थी। इसके बाद उनका ट्रांसफर रांची हो गया था। लेकिन रामगढ़ जिले में एनआरएचएम के खाते से लगातार उनके नाम पर भुगतान हो रहा था। यहां तक कि डॉक्टर वीणा कुमारी को मैटरनिटी लीव के दौरान पेमेंट किया गया। साथ ही उनके नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ।

**एनआरएचएम के पांच खातों का नहीं मिला डिटेल:** डीसी ने बताया कि एनआरएचएम के 9 खाते रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग में मौजूद हैं। जांच टीम एक खाते की ही जांच कर पायी है। तीन अन्य खातों की जांच भी बड़ी मुश्किल से हो पायी है। पांच अन्य खातों का डिटेल ही टीम को नहीं मिल पाया। विभाग की तरफ से ना तो उसकी संचिका मिली, ना चेक बुक, ना लॉग बुक। अगर सभी खातों की जांच की जाये तो यह घोटाला 3.90 करोड़ से बढ़कर एक बड़े आंकड़े को छू जायेगा।

### डॉ राहुल उमरे की शिकायत से हुआ खुलासा

डीसी ने बताया कि एक महीने पहले डॉक्टर राहुल उमरे के पैन कार्ड में वेतन के भुगतान को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। जब जांच की गयी तो पता चला की पांच डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के नाम पर फर्जी एकाउंट खोलकर अनुसेवक अमजद हुसैन करोड़ों का घोटाला कर रहा था। उस समय सिर्फ एक वर्ष की जांच रिपोर्ट सामने आयी थी।

### डीसी की जांच टीम ने की जांच पड़ताल

इसके बाद रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने इस घोटाले की जांच शुरू की। एक महीने के मैराथन जांच के बाद यह पता चला कि अमजद हुसैन ने वेतन के नाम पर 2.39 करोड रुपए का भुगतान अपने और अपनी पत्नी के अकाउंट में किया है।

### फायर इक्विपमेंट लगाने के नाम पर भी घोटाला

दूसरा सबसे बड़ा घोटाला फायर इक्विपमेंट लगाने के नाम पर किया गया। सवा करोड़ रुपए एक ऐसी कंपनी को दिये गये जिसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी। यहां तक कि उस कंपनी को लगातार एडवांस पेमेंट किया गया। जिसमें नियमों की भारी अनदेखी हुई। डीसी ने बताया कि घोटाले का यह सिलसिला यहीं तक नहीं रुका। वाउचर के भुगतान को लेकर भी काफी गड़बड़ी हुई है। 55 लाख रुपये का घोटाला सिर्फ वाउचर के नाम पर हुआ है। उसका भुगतान अमजद हुसैन के खाते में किया गया है।

## हेमंत कैबिनेट के फैसले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में 49 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इसकी जानकारी दी।

- झारखंड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया संचालन 2024 की स्वीकृति दी गयी।
- स्टेट ऑफ आर्ट घोषित करने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक साहिबगंज में नये भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत।
- तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी चतरा झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष कुमार को सेवा से बर्खास्त किये जाने का दंड बरकरार रखने की स्वीकृति।
- रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 59 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति।
- पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन को मंजूरी।
- राजकीय पॉलिटेक्निक खरसावां के नये भवन की स्थापना के लिए 38 करोड़ 55 लाख रुपये की मंजूरी।
- बीआइटी सिंदरी में इनोवेशन सेंटर स्थापना की स्वीकृति।
- झारखंड में प्रोफेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूट के लिए शुल्क नियामक आयोग का गठन होगा। निजी कॉलेज का शुल्क निर्धारण इसके जरिये होगा।
- राजकीय पॉलिटेक्निक आदित्यपुर महिला पॉलिटेक्निक जमशेदपुर और पॉलिटेक्निक खरसावां और जगन्नाथपुर के विद्यार्थी को प्रशिक्षण के लिए संशोधित करते हुए इंडो डेनिश टूलरूम जमशेदपुर का चयन करते हुए ट्रेनिंग दी जायेगी।
- कोल्हन विश्वविद्यालय चाइबासा के अंतर्गत जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के आधार पर संरचना के विकास के लिए 31 करोड रुपये की योजना स्वीकृत। फूलो झानू चिकित्सा महाविद्यालय दुमका में नर्सिंग कॉलेज के पद सृजन की मंजूरी।
- मेदिनीनगर और दुमका में दो स्थायी जिला न्यायाधीश का पद सृजित करने की मंजूरी।
- रांची में रविंद्र भवन के लिए 290 करोड़ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति। डिजिटल पंचायत योजना में संशोधन।
- अल्पसंख्यक विद्यालय पर में सातवां वेतनमान पर पेंशन देने की मंजूरी।
- रिनपास रांची में 10 अरब की लागत से बनेगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल।
- जगन्नाथ महतो मेडिकल कॉलेज बोकारो के नाम से अब मेडिकल कॉलेज होगा।
- राजकोषीय अध्ययन संस्थान को वित्त विभाग के अधीन किया गया।
- खान एवं खनिज अधिनियम 1947 झारखंड जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली 2024 का गठन किया।
- कृषि विभाग के अंतर्गत ग्राम स्तर पर कार्यत कृषक मित्रों को देय आकस्मिक देय राशि में वृद्धि की गयी।
- राजमहल और मनीचक बंगाल में गंगा नदी पर भविष्य में प्रस्तावित का लिंक ब्रिज के लिए पहुंच पत्र इत्यादि के लिए अनुमानित लागत का 50% राज्य सरकार वहन करेगी।

## जलसहिया ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कार्यरत जल सहिया द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसकी शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कश्यप के द्वारा प्रखंड मुख्यालय से किया गया। मौके पर उपस्थित जलसहिया द्वारा एक जुलूस निकाला गया। जुलूस में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता को लेकर नारा लगाया गया। साथ ही सभी को श्रमदान कर अपने -अपने गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लोगों से अपील किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी काम सरकारी तंत्र के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए और प्रत्येक गांव में लोगों को जागरुक कर स्वच्छ बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव स्वच्छ रहेगी तभी देश स्वच्छ होगा। आसपास में गंदगी न फैलाना चाहिए और ना ही गंदगी फैलाने देना चाहिए। मौके पर लोगों के बीच साड़ी भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर जल सहिया नीलू कुमारी, गायत्री देवी, आरती देवी, के अलावा काफी संख्या में जलसहिया दीदी उपस्थित थीं।

## एबीवीपी ने पीटीपीएस महाविद्यालय के सचिव के खिलाफ जाताया विरोध



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीटीपीएस महाविद्यालय में चल रहे व्यापक रूप से वित्तीय अनियमितता को लेकर एवीबीपी के छात्र संगठन ने महाविद्यालय के पीवीयुएनएल के अधिकारी सचिव संजय कुमार दास कायस्थ के खिलाफ विरोध जताया। इस मौके पर एवीबीपी नगर मंत्री उज्जवल कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के सचिव के द्वारा किये जा रहे वित्तीय घोटाले के के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत कर दी गयी है, जो जारी रहेगा। महाविद्यालय और छात्र हित को लेकर सवाल पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने सचिव से महाविद्यालय आकर वित्तीय मामलों का लेखा-जोखा का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। छात्र नेता विशाल कुमार ने कहा कि वर्तमान में प्रोफेसर (सेवानिवृत्ति प्रभारी प्राचार्य है) जिन पर वित्तिय घोटाले के आरोप है। जल्द एनटीपीसी प्रबंधन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय और राज्यपाल को लिखित रूप से शिकायत की जायेगी। छात्रों के विरोध को दबाने की कोशिश-पीटीपीएस कॉलेज के शासी निकाय सचिव संजय कुमार दास कायस्थ के खिलाफ छात्र संगठन आंदोलित हो उठे हैं। इस बीच छात्रों के आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है। परंतु छात्रों का कहना है कि मामला कॉलेज हित से जुड़ा है। जिस पर किसी भी हाल में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। छात्र आंदोलन को दबाने की कोशिश की गयी। तो छात्र उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों मे अभिषेक कुमार, दिनेश कुमार, नैतिक कुमार, अनुराग कुमार, प्रियांशु प्रथम, सुमित कुमार, प्रीति कुमारी,सुनैना कुमारी, राधिका कुमारी, नीतू कुमारी, अंशु कुमारी, गायत्री कुमारी, निशु कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## बोंगाबार में भारी बारिश से टूटा सड़क का किनारा

कुजू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर तीन बाघादोहर (बोंगावार) में भारी बारिश की वजह से सड़क का कुछ हिस्सा (किनारा) टूट गया है। यह सड़क बोंगावार से दिगवार जाने वाला मार्ग है। इस मामले में ग्रामीणों ने आवागमन में हो रहे परेशानियां को लेकर आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर जय किशोर ने दूरभाष पर नप कार्यपालक पदाधिकारी को सूचना देते हुए जल्द से जल्द सड़क और गार्डवाल बनाने की मांग की। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के किनारे गार्डवाल नहीं बनाया गया तो सड़क पूरी तरह टूट सकता है। मौके पर वार्ड पार्षद हेमनी देवी, नारायण महतो, उमेश कुमार, जामुन कुशवाहा समेत ग्रामीण शामिल रहे।

## जुबिली महाविद्यालय के छह विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला एसोसिएशन की ओर से आयोजित खेल-कुद प्रतियोगीता में बेहतर प्रदर्शन करने पर जुबिली महाविद्यालय के छह छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में इन सभी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अइशा कुमारी, भारती कुमारी, गीता कुमारी, मुस्कान विश्वकर्मा, सोनू कुमारी और अनुराधा कुमारी शामिल हैं। बताया गया कि आगामी 17 से 18 अक्टूबर तक रामगढ़ में होने वाले प्रतियोगिता में यह सभी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मौके पर जुबिली महविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने चयनित खिलाडियों को सम्मानित करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दी।

### घाटो में बदमाशों ने व्यवसायी के आवास पर बोला धावा

# बेखौफ डकैतों ने ढाई घंटे तक की घर में लूटपाट, गहने और नगदी साथ ले गये

- घर वालों को हथियार के बल पर कब्जे में कर एक कमरे में किया बंद
- टेक्निकल और फिंगर प्रिंट टीम पहुंची, अपराधियों की टोह में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़/वेस्ट बोकारो।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सोनडीहा में बेखौफ डकैतों में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। डकैतों ने आवास में पीछे के रास्ते प्रवेश कर लूटपाट किया है। नाकाबपोश और हथियार से लैस आधा दर्जन अपराधियों ने घर के सदस्यों को कब्जे में कर लूटपाट किया। डकैत ढाई घंटे तक घर में तबाही मचायी। लूटपाट करने के बाद गृहस्वामी के तीन मोबाइल साथ लेकर आराम से चलते बने। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टेक्निकल और फिंगर प्रिंट टीम के पीछे पूछे घूमती दिखी। हालांकि फिलहाल अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के सोनडीहा में बबलू साव के घर में गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे आधा दर्जन अपराधी पीछे के रास्ते दीवार पर चढ़कर मकान की पहली तल्ले पर प्रवेश किया। जिसके बाद बंद दरबाजे को जोर से धक्का मारा। जिसके कारण गेट में लगी कुंडी टूट गयी। अपराधियों ने अंदर प्रवेश करते ही घर के बच्चों को हथियार के बल पर कब्जे में लिया। जिसके बाद अपराधियों ने हल्ला करने पर बच्चों को जान से मारने का धमकी दिया। जिसके बाद गृहस्वामी बबलू साव ने बच्चों के साथ कुछ नहीं करने की गुहार लगायी। अपराधी ने बबलू को कब्जे में घर के अन्य सदस्यों को एक कमरे में बंद किया। जिसके बाद अपराधियों ने बबलू को घर के अंदर रखे जेवरत और नगदी दिखाने को कहा। जिसपर मकान मालिक सभी अलमीरा और लॉकर की चाबी सौप दिया। जिसके बाद अपराधी पूरे घर को छान दिया। ढाई घंटे की लूटपाट में अपराधी ने नगदी सहित करीब चार लाख रुपये के जेवरत लूटपाट किया। जिसके बाद अपराधियों ने मकान मालिक का तीन मोबाइल लेकर आराम से निकल गया। पुलिस जबतक सूचना मिली तबतक अपराधी अपने मांद में घुस चुका था। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर भुक्तभोगी से घटना से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त किया।

### टेक्निकल और फिंगर प्रिंट टीम पहुंची

घटना के बाद घाटो पुलिस वेबस दिखी। जांच पड़ताल के दौरान हताश दिखी। सूचना पर टेक्निकल और फिंगर प्रिंट टीम के आगे पीछे घूमती दिखी। हालांकि दोनों टीमों को भी वर्तमान में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। फिलहाल पुलिस का दाबा है कि अपराधी जल्द उनके शिकंजे में होगा। लेकिन अपराधियों के बढ़ते मनोबल से पुलिस का दाबा नकारा लगता है। क्योंकि चार दिन पहले भी घटना स्थल से कुछ ही कदमों पर डकैतों ने घटना का अंजाम दिया था। जिससे समझा जा सकता है कि अपराधी कितना बेखौफ है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.40 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.39 बजे |



# मंईयां सम्मान यात्रा: कोल्हान में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का कुछ इस अंदाज में हुआ स्वागत





### भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा भर गये बाबूलाल मरांडी

# साथ दीजिए, घुसपैठियों को चुन-चुन कर खदेड़ेंगे:बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** समाहरणालय मैदान में शुक्रवार को आयोजित परिवर्तन सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार ने सिर्फ लूटने और कमाने में पूरा कार्यकाल पांच वर्ष लगा दिया। सरकार के सहयोगी कांग्रेसी नेताओं के घर से नोटों का पहाड़ निकल रहा है। इतना रुपया गिनने में मशीन हांफने लगी। आज तक अपने जीवन में इतना नोटों का ढेर नहीं देखा है। कांग्रेस कोटे के मंत्री के सचिव के नौकर घर से 35 करोड़ नोट मिले हैं। गठबंधन की हेमंत सरकार ने बालू, बॉक्साइट,कोयला, खनिज और जमीन लूट ली। रांची से लेकर संथाल परगना तक जमीन को लूटा और कोयला को बेचा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि, झारखंड को बचाना है, मां बहनों की इज्जत बचानी है, बेहतर झारखंड बनाना है, झारखंड का विकास करना है, तो भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनानी होगी। कहा कि, चुनाव आ गया, तो हेमंत सोरेन मां बहनों को एक एक हजार थमा रहे हैं। यदि देना था तो पूर्व के वादे के अनुरूप पांच वर्षो का हिसाब कर 72 हजार देना चाहिए। हेमंत सोरेन अपने पिता की कसम खाकर कहे थे कि महिलाओं को चूल्हा खर्च दो-दो हजार देंगे, लड़कियों की शादी में सोने का सिक्का देंगे, प्रत्येक वर्ष पांच लाख बेरोजगारों को रोजगार देंगे, बीए पास को 5 हजार और एमए पास बेरोजगार युवाओं को 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे। बावजूद किसी को वादे और कसम के अनुसार लाभ नहीं दिया। वोट की ठगी के लिए हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम को भी झुठला दिया। आम जनता ऐसे व्यक्ति पर बिल्कुल भरोसा नही करे। कहा कि भजपा ने वादा कर झारखंड को अलग का दर्जा दिया। कहा कि, हेमंत की 5 वर्षों की सरकार में आदिवासी मूलवासी की जनसंख्या में कमी आयी है। इसका मुख्य कारण बेरोजगारी एवम बांग्लादेशी घुसपैठ है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनी, तो एक एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष मनीर उरांव द्वारा बाबूलाल मरांडी और अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।




**भाजपा की परिवर्तन सभा में यह रहे मौजूद :** कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उरांव, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, दक्षिणी प्रमंडल प्रभारी गणेश मिश्रा, विनय लाल, आजाद शत्रु, राजमोहन राम, ब्रजबिहारी प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, राजकिशोर महतो, सामेला भगत, श्रीचंद प्रजापति, राकेश प्रसाद, ओम गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, संजय प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, जगनंदन पौराणिक, अजय पंकज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक अनंत ओझा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल विधायक अनंत ओझा ने साहिबगंज और राजमहल प्रखंड के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। भारी बारिश के बावजूद विधायक अनंत ओझा नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को गोपालपुर दियारा, पिलर टोला, धिसू टोला, मकई टोला, और बालू टोला सहित कई दियारा में जाकर बाढ़ से पीड़ित लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को समझा। इससे पहले मंगलवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने किशन प्रसाद दियारा, कारगिल दियारा, छट्ठू टोला, मुसहरी टोला, लालबथानी सहित कई क्षेत्रों में जाकर बाढ़ से प्रभावित लोगों से मिले। विधायक ने निजी रूप से बाढ़ पीड़तों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की व्यवस्था नहीं कर रही है। विधायक ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार बाढ़ के लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि बाढ़ की आपदा के घड़ी में राज्य सरकार वरीय अधिकारी से सर्वेक्षण करवाकर बाढ़ राहत की व्यवस्था करें। विधायक ने जिला प्रशासन की लापरवाही पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि साहिबगंज अपर समाहर्ता को सूचना देने के बाद भी कोई भी प्रशासन के लोग दौरा के दौरान उपस्थित नहीं रहे। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने झारखंड आपदा प्रबंधन के प्रधान सचिव और साहिबगंज जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने की मांग की है। साहिबगंज जिले में गंगा नदी में पानी बढ़ने से साहेबगंज सदर प्रखंड, उधवा और राजमहल के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है, जिससे लोग प्रभावित हुए हैं। विधायक ने अपने पत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, पशु आहार, चिकित्सीय सुविधा और नाव की उपलब्धता की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।



# पीएम के हजारीबाग कार्यक्रम में पिछड़ा समाज के लोग भी होंगे हजारों की संख्या में शामिल

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा जाति मोर्चा, रांची महानगर की संगठनात्मक बैठक नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश साहू नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कार्यालय में हुई। इसमें 2 अक्टूबर को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर रांची महानगर की ओर से भारी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक का संचालन महामंत्री राजकुमार महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन मुनेश्वर साहू ने किया। बैठक में जौनपुर के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के कार्यकर्ता इस भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है और भाजपा की सरकार को लाना है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा पिछड़ा जाति मोर्चा के कार्यकर्ता कमर कस ले और हजारों की संख्या में मोदी की परिवर्तन यात्रा का समापन में हजारीबाग पहुंचे। बैठक में रांची विधानसभा के प्रवासी नेता उत्तर प्रदेश, जौनपुर के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, प्रदेश प्रभारी जागेश्वर प्रजापति, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, दिलीप स्वर्णकार, उमेश रंजन साहू, अशोक साहू, परमेश्वर चौधरी, गोपाल सोनी जितेंद्र वर्मा संदीप भगत, रेखा मंडल, राजेश भगत, राजेश प्रजापति, अमित यादव, अशोक चंचल, उमेश प्रसाद, विपिन बर्मन, रौनक चौधरी, रामायण सोनी, शिव शंकर साहू, नरेंद्र साहू, मनीष केसरी, रविंद्र महतो, रविंद्र कुमार, मनोज सोनी, चंदन सिंह, राधेश्याम, जनक प्रसाद साहू, दशरथ केसरी, रविंदर वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए।



### झामुमो की सोहराय भवन में प्रमंडलस्तरीय बैठक हुई

# संगठन की स्थिति और मजबूती पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रमंडल स्तरीय बैठक शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुई। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति और मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सुझाव लिये गये और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से खूंटी, सिमडेगा और उत्तरी छोटानागपुर से धनबाद, बोकारो, चतरा, कोडरमा जिला से झामुमो के केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, नगर, महानगर समिति के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के जिला समिति के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव संतोष रजवार सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।






## कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की विक्री तिथि – दिनांक 05.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 07.10.24 को 03:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बड़कागॉव | 1. पंचायत पेटो के ग्राम चट्टीपेटो के आगर टोला में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। 2. पंचायत काण्डतरी के ग्राम सोनपुरा के उपर टोला में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। | 1353400.00 | 2500.00 | 27500.00 | छः माह |
| 2 | बड़कागॉव | 1. ग्राम पंचायत बड़कागॉव पष्चिमी में सूर्य मंदिर के समीप डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। 2. ग्राम पोटंगा में करमाटिलहा में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। | 1353400.00 | 2500.00 | 27500.00 | छः माह |

नोट :–
1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 337428 Rural Development(24-25)#D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 28 /2024-25 Date:-26-09-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Aanganbadi Kendra, Moktama, -01, Moktama, Block:- Ichak, District-Hazaribagh.(20360060518) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 2 | Construction of Aanganbadi Kendra, Moktama, -02 Moktama, Block:- Ichak, District-Hazaribagh.(20360060524), | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 3 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Harijan Tola, Mangura, Block:- Ichak, District-Hazaribagh. (20360060519) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 4 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Mahto Tola, Mangura, Block:- Ichak, District-Hazaribagh. (20360060520) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |
| 5 | Construction of Aanganbadi Kendra, Mangura Mahto &Jolha Tola, Mangura, Block:- Ichak, District- Hazaribagh.(20360060525) | 1448400/- | 29000/- | 2500/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 28-09-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 04-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,Building Division, Hazaribag

PR 337418 Building(24-25).D

## उपायुक्त सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा (खनन शाखा)

**सिमडेगा जिला के बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन विशीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 सं0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट संख्या | खाता संख्या | रकवा (हेक्टेयर में) | Tentative Yearly Production (cum) As Per DSR | e-Tender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | नियम एवं शर्तें | निविदा आंमत्रण करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | कोनोरोईयां | बानो | 1173(P) | 74 | 4.00 | 13,200 | SAND/MDO/ A/ Konaroia /2024/50 | 27.09. 2024 | 04.10. 2024 समय अपराहन् 4.00 बजे तक | 07.10.2024 समय पूर्वाहन 11.30 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा। |
| 2 | रामजल | बानो | 5973(P) 7348(P) | 98 | 5.92 | 8,170 | SAND/MDO/ A/ Ramjal /2024/51 | | | | | |
| 3 | खुंटीटोली एवं टामाडीह | सिमडेगा | 1(P) 1558(P) | 74/ 132 | 16.90 | 39,546 | SAND/MDO/ B/ Khutitoli/ Tamadih /2024/52 | | | | | |
| 4 | कोरोमिंया | ठेठईटांगर | 3973(P) | 382 | 17.71 | 97,759 | SAND/MDO/ B/ Kormia /2024/53 | | | | | |
| 5 | लताकेल | बानो | 1854(P) | 93 | 12.00 | 38,880 | SAND/MDO/ B/ Latakel /2024/54 | | | | | |
| 6 | पिथरा–1 एवं पोथाटोली | सिमडेगा एवं ठेठईटांगर | 5981(P) 5983(P) 01(P) | 312/ 35 | 18.80 | 42,864 | SAND/MDO/ B/ Pithra-I/ Pothatoli /2024/55 | | | | | |
| 7 | पिथरा–2 एवं तीलगा | सिमडेगा | 1566(P) 1892(P) 01(P) 1291(P) | 312 | 16.80 | 75,600 | SAND/MDO/ B/ Pithra-II/Tilga /2024/56 | | | | | |
| 8 | सोगरा एवं नानेसेरा | पाकरटांड | 2 (P) 2 (P) 3050 | 258/ 188 | 12.10 | 56,628 | SAND/MDO/ B/ Sogra/Nanesera /2024/57 | | | | | |

नोटः– 1. JSMDC राँची द्वारा Category-A एवं Category-B के तहत चयनित Empanelled । हमदबल के द्वारा ही केवल www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC. Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा प्रकाशित बालू घाटों के संदर्भ विस्तृत जानकारी अनुमोदित DSR(http://simdega.nic.in पर उपलब्ध है) से भी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा

PR 337425 Simdega(24-25)#D

## सरोकार, सेवा और सम्मान के तहत मंईयां सम्मान यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# कोल्हान की जनता भाजपा के आगे कभी नहीं झुकेगी : कल्पना सोरेन

### मंत्री रामदास सोरेन, कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, विधायक सविता महतो,सांसद जोबा मांझी ने किया सभा को संबोधित

■ हेमंत सरकार ही कर सकती है झारखंड का विकास : बेबी देवी

■ हेमंत सोरेन पर झूठा इल्जाम लगा कर जेल भेजा था : सविता







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड मैदान और चांडिल प्रखंड के कटीया मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा सभा में तब्दील हुआ। मंईयां सम्मान रैली की सभा में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभा में मुख्य रूप से कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक सविता महतो उपस्थित थे। खचाखच भरे जनसमूह को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि जनसैलाब से पता चल रहा है कि लोगों में हेमंत सोरेन के प्रति कितना लगाव है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहली बार किसी सरकार ने आधी आबादी को सम्मान देने का काम किया है और हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार ने बेटी और माताओं को प्रति माह एक हजार और साल में 12 हजार रुपये देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही इस योजना को लाने वाले थे, मगर सरकार को विपक्ष द्वारा अस्थिर करने का सड़यंत्र रचा गया और हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार को फिर से लाना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का सड़यंत्र को इस बार भी जनता बेनकाब करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन से ही झारखंड का विकास संभव है। विकास और मंईयां, महिलाओं को सम्मान दिये जाने से विपक्ष बौखला गया है। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन पर झूठा इल्जाम लगाकर जेल भेज दिया गया था। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना लाकर बेटी बहनों को हेमंत सोरेन की सरकार जो सम्मान दिया है। आज तक झारखंड में किसी ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में काफी सड़कें एवं अन्य विकास योजना किया गया, जो इतना सड़क 5 वर्ष में किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल और विपक्ष द्वारा सरकार को अस्थिर करने में बहुत सारे कार्य प्रभावित हुआ, फिर भी झारखंड सरकार का काम उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी, समीर महंती, जिला अध्यक्ष डॉ सुभेंदु महतो, चारू चांद किस्कू, गुरुचरण किस्कू, ओम प्रकाश लायक, काबलू महतो सहित झामुमो जिला समिति एवं प्रखंड समिति तथा हजारों समर्थक उपस्थित थे।

## पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ओड़ेदारू और हेसाडीह गांव में शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि ने दो पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण कार्य 6 लाख 28 हजार रुपये की लागत राशि से किया जाना है। ओड़ेदारू गांव में 150 फीट और हेसाडीह गांव में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर पूर्वी क्षेत्र प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, कांशीनाथ सिंह मुंडा, जतरू सिंह मुंडा, बसंत सिंह मुंडा, शुशील प्रमाणिक, गिरीश अहीर, संजय कुमार गुप्ता, बिजय साहू, प्रदीप साहू, योगेश्वर स्वांसी, रविंद्र मुंडा, मिली देवी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत कृमि नियंत्रण की दवाई नि:शुल्क दी गयी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत शुक्रवार को बिरसा चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच कृमि नियंत्रण की दवाई निशुल्क दिया गया। बिरसा चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के निदेशक भुवनेश्वर प्रमाणिक ने कहा कि बच्चों के लिए बहुत ही स्वास्थ्यवर्धक योजना लेकर सरकार आई है, जो बच्चों से जुड़ा है।

## आरती राजा पीटर ने कोरलोंदा गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के कोरलोंदा गांव में जनसंपर्क करते हुए आरती राजा पीटर साथ ही साथ ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। उसने कहा कि मेरे पति राजा पीटर यहां के विधायक थे, उनके कार्यकाल को देखें और अभी की स्थिति देखें इसलिए आपको समझना है, कि आपके सुख दुःख का साथी कौन है। इस मौके पर उनके समर्थक धनंजय स्वासी, सीताराम मुंडा, शयमचंद मुंडा, रविंद्र मुंडा, आशीष पांडेय, अनंत सेठ, नंदा नायक, भारती देवी, निर्मला देवी, झुनू कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## राजा पीटर ने कनीलाल के परिजनों को दी सांत्वना



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा के पूर्व विधायक और मंत्री राजा पीटर तमाड़ बस स्टैंड स्थित कनीलाल साहू के आकस्मिक निधन की सुचना मिलते ही, उनके आवास गये। उनके परिवार वालो से मिल कर उन्हें सांत्वना दिए। साथ ही साथ वे उनके परिवार वालो को कहा की हर सुख-दुख में वे उनके साथ है।

## जेबीकेएसएस के जिला संगठन मंत्री बने रतिया गंझू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने खलारी के पूर्व जिला परिषद सदस्य रतिया गंझू को जेबीकेएसएस का रांची जिला कार्यकारणी समिती का संगठन मंत्री बनाया गया। रतिया गंझू के संगठन मंत्री बनने पर एरिया के लोगों में खुशी का माहौल है। संगठन मंत्री बनाये जाने पर रतिया गंझू ने केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का आभार व्यक्त किया है और कहा की आने वाले समय में यहां रैयतों, विस्थापितों और यहां के कामगारों,असंगठित मजदूरों की हक की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ेंगे और संघर्ष को जारी रखेंगे।

## कर्मवीर और बाबूलाल से मिले, प्रस्ताव सौंपा

### झारखंड में गठबंधन के तहत कई सीटों पर किया दावा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी आर के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में कर्मवीर सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष ने बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह से मुलाकात कर लोजपा-भाजपा गठबंधन को लेकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड में गठबंधन के तहत कई सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह को प्रस्ताव सौंपा। बीरेंद्र प्रधान ने कहा कि स्व रामविलास पासवान ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के गरीब गुरबों एवं जनकल्याण के लिए अनेकों कार्य किये हैं। पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के काफी चाहने वाले हैं। झारखंड में हमारा संगठन काफी मजबूत है और जिस तरह से गठबंधन के तहत विगत लोकसभा चुनाव में पड़ोसी राज्य बिहार में पार्टी सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ जीत दर्ज की है उसी प्रकार झारखंड प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी लोजपा-भाजपा गठबंधन सौ प्रतिशत सफलता हासिल करेगी।

## खिलाड़ियों को जर्सी और फुटबॉल दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव के द्वारा बुंडू पंचायत की किरिगड़ा के स्टार क्लब धमधामिया के खिलाड़ियों के बीच जर्सी और फुटबॉल दिया गय। विधायक प्रतिनिधि ने इस मौके पर राजेंद्र गुप्ता, टीम के कोच संतोष महतो, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जलेश्वर महतो, कृष्णा महतो, तिलकधारी महतो, जनेश महतो, महेश महतो, विनोद महतो, उपेंद्र महतो, रंजीत महतो, संजय महतो, मंजय महतो और खिलाड़ी मौजूद थे ।

## विधायक किशुन दास ने जितिया जतरा मेला का किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया जतरा मेला का बतौर मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने जितिया जतरा खूंटा का फीता काट कर और पर्दा हटा कर विधिवट उदघाटन किया। इस दौरान विधायक किशुन कुमार दास को पारंपरिक तरिके से ढोल नगाडा और मांदर की थाप से स्वागत किया गया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जितिया जतरा मेला के अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी, पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेमरंजन पासान, मुखिया महेश मुंडा, बहेरा मुखिया रेखा देवी, किचटो मुखिया संगीता देवी, बेंटी मुखिया सरीता देवी, पंसस अनुप्रिया कुमारी, कासिम उर्फ मुन्ना, आशिक अली उर्फ बाढो मियां, पूर्व जिला परिषद टण्डवा दक्षिणी शोभा कुजुर,शिवशंकर साव, मानेश्वर भगत, बालेश्वर उरांव, जितेंद्र राम, इदरीस अंसारी, क्युम अंसारी, धनेश्वर गंझू, अलेक्जेंडर तिग्गा, सचिन पासवान, टिकेश्वर महतो, बालकंत उरांव, अरुन उरांव, बसंत नारायण महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## अमृत वाटिका में महाप्रबंधक ने किया पौधरोपण





**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना के अमृत वाटिका में महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने वृक्षारोपण किया। रोहिणी के अमृत वाटिका में महाप्रबंधक सुजीत कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने दर्जनों फलदार पौधे लगाये। इस मौके पर महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कहा कि सीसीएल पर्यवारण की रक्षा के लिए हमेशा परियोजना क्षेत्र में हमेशा पेड़ पौधे लगाता है। इस मौके पर सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद, रोहिणी के प्रभारी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन के सचिव लोकनाथ राणा, नरेश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, मुबारक खान लोग मौजूद थे।

## सरना में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन एक अक्टूबर से



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मायापुर पंचायत के सरना फुटबॉल मैदान में आरएनबीटी क्लब द्वारा छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन एक अक्टूबर से किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरएनबीटी क्लब के सदस्यों ने बताया की इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेगी। जिसका पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर है। पंजीकरण के लिए इस नंबर पर 9931275820 में संपर्क कर सकते हैं। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अमित मुंडा सचिव डब्लु गंझू, कोषाध्यक्ष सूरज मुंडा, संरक्षक कारू गंझू, बाबू उरांव, राहुल गंझू, मनीष गंझू, बजडू मुंडा, पुरन मुंडा एवं सदस्य में रोहित गंझू, बॉबी मुंडा, पवन गंझू, सुमित मुंडा, अजय गंझू, अनिल गंझू, श्याम उरांव, दुर्गा उरांव, किशुन उरांव, विष्णु उरांव, राहुल उरांव, ऋतिक उरांव, कार्तिक लोहरा संतोष उरांव सोनू मुंडा कुणाल मुंडा का नाम शामिल है।


### कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NREP/HAZARIBAG/11/2024-25 दिनांक 27.09.2024**

मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 04.10.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 14.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 15.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईचाक | ईचाक प्रखण्ड अन्तर्गत विष्वकर्मा औद्योगिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि0, मंगूरा के लिए एक सुविधा केन्द्र भवन का निर्माण। | 6314700.00 | 10000.00 | 127000.00 | नौ माह | द्वितीय |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित की योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभागं/ ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,हजारीबाग

PR 337429 Rural Development(24-25).D



### कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल,धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 66/24–25.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 08/10/2024 तक (12.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 09/10/2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 09/10/2024 को 2.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नामकुम रॉंची स्थित आर0सी0एच0 के वेयर हाउस सं0–1 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 8,22,709=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 2. | नामकुम रॉंची स्थित आर0सी0एच0 के वेयर हाउस सं0–2 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 8,22,709=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 3. | नामकुम रॉंची स्थित आर0सी0एच0 के वेयर हाउस सं0–3 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 7,47,923=00 | 1250=00 | 15,000=00 | 28 दिन |
| 4. | सेक्टर–2, धुर्वा, रॉंची स्थित कैबिनेट (निर्वाचन) विभाग में स्थित 1 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,21,363=00 | 750=00 | 9,000=00 | एक वर्ष |
| 5. | स्टेट गेस्ट हाउस, मोरहाबादी, रॉंची में स्थित 1 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 3,89,719=00 | 750=00 | 8,000=00 | तीन वर्ष |
| 6. | स्टेट गेस्ट हाउस, रॉंची में स्थित कैसेट टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,17,678=00 | 750=00 | 9,000=00 | एक वर्ष |
| 7. | मदरा मुण्डा स्टेट गेस्ट हाउस, रॉंची में स्थित कैसेट टाईप एवं स्पलीट टाईप वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 2,32,484=00 | 500=00 | 5,000=00 | एक वर्ष |
| 8. | मान्नीय मुख्य मंत्री आवास, कमिशनर कार्यालय, मंत्री आवास (डिप्टीपाडा) विजलेंश कार्यालय, एवं लोकायुक्त कार्यालय मे अधिष्ठापित स्पलीट वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,93,784=00 | 1250=00 | 18,000=00 | एक वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR 337307 Energy(24-25).D



### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची

**प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/16/2024-25**

दिनांक– 26.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | 30.09.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 05.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 5 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.10.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 6 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 7 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 8 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-1 (Ranchi, Khunti, Hazaribagh, Ramgarh, Chaibasa, Saraikela, Jamshedpur and Koderma) Water Testing laboratories of Jharkhand. | 3,78,000/- | 10,000/- |
| 2 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-2 (Garhwa, Medinagar, Chatra, Latehar, Lohardaga, Gumla, and Simdega) Water Testing laboratories of Jharkhand. | 3,14,000/- | 10,000/- |
| 3 | Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in Zone-3 (Sahebgung, Godda, Pakur, Dumka, Jamtara, Deoghar, Giridih, Dhanbad and Bokaro) Water Testing labora tories of Jharkhand. | 3,32,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची

PR 337329 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# भारी बारिश से मुंबई बेहाल

अगर मुंबई देश की वित्तीय राजधानी है, तो पुणे को भी सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर जाना जाता है। देश के इन दो महत्वपूर्ण शहरों का पिछले दो दिनों में भारी बारिश ने जो हाल किया, वह हमारी टाउन प्लानिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटेनेंस पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बारिश से उपजे हालात के ही चलते ही गुरुवार को पुणे की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी। बुधवार को हुई भारी बारिश ने ही मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई शहरों में जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया था। उड़ानें तो बड़ी संख्या में बाधित हुईं ही, रेल और सड़क यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई। शहर इन चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर ही रहे थे कि मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए भी रेड अलर्ट जारी कर दिया। इसे देखते हुए प्रशासन ने तत्काल सार्वजनिक अपीलें जारी करनी शुरू कर दी। मुंबई में लोगों से बहुत जरूरी न होने पर घर ही में रहने को कहा गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी की भी घोषणा कर दी गयी। कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घरों से ही काम करने को कह दिया। पुणे जिला प्रशासन ने भी स्कूलों में छुट्टी का ऐलान कर दिया। असल में इस तरह घरों में बैठकर सुरक्षित महसूस करने की सुविधा आबादी के एक छोटे से हिस्से को ही मिलती है। एक बड़ा वर्ग ऐसा होता है, जिसे रोज कमाना पड़ता है। इन लोगों को किसी भी हालात में घर से बाहर निकलना पड़ता है। यही वजह है कि सरकार की इन घोषणाओं के बावजूद न केवल बड़ी संख्या में लोग जहां-तहां फंसे रहे बल्कि कुछ लोगों के मरने की भी खबरें हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारी तंत्र हाथ पर हाथ रखे बैठा है। नेशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) की 18 टीमें और स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) 6 टीमें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हैं। अन्य विभागों के कर्मचारी भी हालात से निपटने के प्रयासों में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। दिक्कत यह है कि ये सारे प्रयास तात्कालिक स्वरूप के हैं। सवाल तो तैयारियों का है। मुंबई महानगरपालिका देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। करीब 60 हजार करोड़ रुपये का उसका सालाना बजट है। फिर भी अगर अंधेरी में पानी से डूबी सड़क पर खुले मैनहोल में गिर कर एक महिला की मौत हो जाती है, तो सवाल उठता है कि समय रहते इन नरभक्षी मैनहोलों को बंद करने जैसे काम यह महानगरपालिका क्यों नहीं करवा पाती। बात सिर्फ मुंबई या पुणे तक सीमित नहीं है। देश के तमाम बड़े शहरों में इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटेनेंस की नाकामी उजागर होने के लिए महज एक आपदा काफी होती है। इस पर राष्ट्रीय नजरिए से समन्वित प्रयास की जरूरत है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बारिश से उपजे हालात के ही चलते ही गुरुवार को पुणे की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी। बुधवार को हुई भारी बारिश ने ही मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई शहरों में जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दस साल की यात्रा उल्लेखनीय रही है, लेकिन यह मोदी सरकार द्वारा किये गये बहुआयामी और परिवर्तनकारी बदलावों के बिना संभव नहीं हो पाती। पहलों में जीएसटी, दिवालियापन संहिता और कई अन्य सुधार शामिल हैं। कारोबार करने में आसानी में सुधार के लिए, 42,000 से अधिक अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया गया और मामूली अपराधों के लिए आपराधिक दंड प्रदान करने वाले 3,700 प्रावधानों को विभिन्न कानूनों से हटा दिया गया, ताकि छोटे व्यवसायों को उत्पीड़न से बचाया जा सके।**

# दुनिया चाहती है, मेक इन इंडिया



**पीयूष गोयल**




देश ने 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल पूरे होने का उत्सव मनाया, जो रोजगार सृजन करने वाले निवेशों को प्रोत्साहित करके और आम नागरिकों को धन सृजनकर्ता बनने का आत्मविश्वास देकर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को बदल रही है।

यह 10 साल की एक उल्लेखनीय यात्रा रही है, जिसने औद्योगिक क्षेत्रों को विकास के इंजन के रूप में नया उत्साह दिया है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ निर्यात में भी योगदान दे रहा है। यह रोमांचक यात्रा एक कठिन समय में शुरू हुई थी, जब निर्णय लेने में अक्षम कांग्रेस सरकार की नीतिगत निष्क्रियता और कुशासन के कारण घरेलू निवेशक निराश थे। अर्थव्यवस्था निम्न स्तर पर थी, आत्मविश्वास टूट चुका था, सुर्खियों में नियमित रूप से भ्रष्टाचार के घोटालों का जिक्र होता था, मुद्रास्फीति बढ़ रही थी, ब्याज दरें अधिक थीं और रुपये का पूर्वानुमान अनिश्चित था।

दुर्भाग्य और निराशा की भावना को समाप्त करने के लिए, भारतीय मतदाताओं ने निर्णायक तौर पर पीएम मोदी के पक्ष में मतदान किया। हमारे प्रधानमंत्री भारत के लिए एक दृष्टिकोण लेकर आए। वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति बने। वे चाहते थे कि भारत हमारे युवाओं को रोजगार और अवसर प्रदान करे, इस तथ्य की पहचान करते हुए कि विनिर्माण भारत की सफलता की गाथा के लिए महत्वपूर्ण है। इन्हीं परिस्थितियों में, प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल की शुरुआत की।

**सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल ने नौकरी की इच्छा रखने वाले कई लोगों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया है।**

दस साल की यात्रा उल्लेखनीय रही है, लेकिन यह मोदी सरकार द्वारा किये गये बहुआयामी और परिवर्तनकारी बदलावों के बिना संभव नहीं हो पाती। पहलों में जीएसटी, दिवालियापन संहिता और कई अन्य सुधार शामिल हैं। कारोबार करने में आसानी में सुधार के लिए, 42,000 से अधिक अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया गया और मामूली अपराधों के लिए आपराधिक दंड प्रदान करने वाले 3,700 प्रावधानों को विभिन्न कानूनों से हटा दिया गया, ताकि छोटे व्यवसायों को उत्पीड़न से बचाया जा सके। भारत ने विश्व बैंक की व्यापार करने की रिपोर्ट में 2014 के 142वें स्थान से 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचकर अपनी श्रेणी में तेजी से सुधार किया।

सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल ने नौकरी की इच्छा रखने वाले कई लोगों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। इससे इस वर्ष जून में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गयी है, जिससे निवेश में बढ़ोत्तरी और 15 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुईं हैं। ये स्टार्टअप देश में नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रहे हैं तथा स्वच्छता, अंतरिक्ष कार्यक्रम, खाद्य बबार्दी को कम करने, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करने और महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे क्षेत्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों का समाधान करने पर कार्य कर रहे हैं।

सरकार के विशेष ध्यान का एक अन्य क्षेत्र है - 11 औद्योगिक गलियारों का विकास। कार्यक्रम के तहत 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर विकसित किये जा रहे हैं, जो इन गलियारों को भारत के विनिर्माण विकास का प्रमुख आधार बनाने में मदद करेंगे। इनमें से चार स्मार्ट शहर पहले ही निवेश का आकर्षण केंद्र बन गए हैं, जहां अवसंरचना के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए मंजूरी उपलब्ध है। 1.7 लाख करोड़ रुपये के संभावित निवेश के लिए पहले ही प्रतिबद्धता व्यक्त की जा चुकी है, जो 80,000 लोगों को प्रत्यक्ष और इससे भी अधिक संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

सरकार की पीएलआइ योजनाएं जैसे, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, वाहन, वस्त्र और चिकित्सा उपकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, ताकि इन क्षेत्रों में निरंतर विकास के लिए इको-सिस्टम तैयार किया जा सके और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके। पीएलआइ योजनाओं के परिणामस्वरूप 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और विनिर्माण उत्पादन में लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस पहल के माध्यम से 8.5 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर सृजित हुए हैं।

प्रधानमंत्री की अवसंरचना से जुड़ी पहल, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक और प्रोत्साहन है। वस्तुओं और सेवाओं की मांग पैदा करने के अलावा, अवसंरचना विकास औद्योगिक गतिविधि के लिए सुविधाएं प्रदान करता है। आज भारत में एक्सप्रेसवे और राजमार्गों का एक विशाल और बढ़ता हुआ नेटवर्क है। विश्व स्तर के नये रेलवे स्टेशन बनाये जा रहे हैं, जबकि नये फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण-कार्य प्रगति पर है।

भारत को निवेश के लिए एक बहुत ही आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। देश 4डी लाभ की पेशकश करता है - प्रधानमंत्री मोदी का निर्णायक नेतृत्व; हमारे युवा, प्रतिभाशाली, कुशल भारतीयों का जनसांख्यिकीय लाभांश; 140 करोड़ भारतीयों द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्पन्न की जाने वाली मांग; एक जीवंत लोकतंत्र, जो निवेशकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करता है तथा कानून का शासन, जो कभी भी किसी के साथ भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। 4-डी भारत में निमार्ताओं को आकर्षित करने के लिए बहुत ही प्रभावी परिदृश्य प्रस्तुत करता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को आज अपने व्यवसाय के विस्तार का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

निवेशक समुदाय में कई प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं। कई प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा कर रहे हैं, जो निवेश करने और भारतीय विकास गाथा में भाग लेने के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। विदेशी सरकारें और वैश्विक सीईओ भारत में अवसरों पर उत्सुकता से नजर रख रहे हैं। कई देश भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। दुनिया अब भारत को एक विनिर्माण गंतव्य के रूप में देख रही है। इस दिलचस्पी का मुख्य कारण है - भारत का अपना प्रतिस्पर्धी लाभ और अर्थव्यवस्था के मूल तत्वों की मजबूत स्थिति। आज मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, आर्थिक विकास मजबूत है और मोदी सरकार कठोर राजकोषीय अनुशासन का पालन कर रही है। युद्ध और अनिश्चितता से ग्रस्त वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में यह और भी सराहनीय है। प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने भारत को 2014 के दुनिया की 'पांच नाजुक अर्थव्यवस्था' वाले देशों में से एक माने जाने की अप्रिय स्थिति से ऊपर उठने में मदद की है और अब देश दुनिया के शीर्ष पांच देशों में से एक बन गया है।

वास्तव में, मेक इन इंडिया जैसी प्रधानमंत्री मोदी की पहलों ने पिछले 10 वर्षों को एक परिवर्तनकारी दशक बनाने में योगदान दिया है - जिसे कांग्रेस शासन के खोये हुए दशक की तुलना में एक बड़ी छलांग कहा जा सकता है।

**(लेखक : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

## श्रीश्री लाहिड़ी महाशय के 196वें आविर्भाव दिवस पर विशेष

# गृहस्थ योगावतार का प्रेरक जीवन

**संध्या एस नायर**



श्री श्री लाहिड़ी महाशय | श्री श्री परमहंस योगानंद

'ईश्वर-साक्षात्कार आत्मप्रयास से संभव है, वह किसी धार्मिक विश्वास या किसी ब्रह्मांड नायक की मनमानी इच्छा-अनिच्छा पर निर्भर नहीं है।' योगावतार श्रीश्री लाहिड़ी महाशय द्वारा इन शब्दों में प्रकट किया गया यह अत्यंत महत्वपूर्ण आश्वासन केवल एक दार्शनिक विचार नहीं था, अपितु उपरोक्त आदर्श के प्रति समर्पित उनके जीवन का एक जीवंत प्रमाण था।

श्रीश्री श्यामाचरण लाहिड़ी का जन्म 30 सितंबर, 1828 को हुआ था। वे भगवान शिव के एक अनन्य भक्त के पुत्र थे। शास्त्रों के अनुसार शिवजी को 'महायोगी' के रूप में पूजा जाता है। लाहिड़ी महाशय ने अपने बचपन में हिंदी, उर्दू, संस्कृत, बंगाली, फ्रेंच और अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने वेदों का गहन अध्ययन किया था और विद्वान पंडितों के मुख से धर्मशास्त्रों के प्रवचनों को भी ध्यानपूर्वक सुना था। अपने सभी साथियों के प्रिय, दयालु, सौम्य और साहसी युवक ने परंपरानुसार सन 1846 में काशीमणि के साथ पवित्र वैवाहिक संबंध स्थापित किया और वैदिक अनुशासन के अनुसार गृहस्थाश्रम का पालन किया। इस विवाह युति से चार संतानों का जन्म हुआ। 23 वर्ष की आयु में सन 1851 में वे ब्रिटिश सरकार के मिलिट्री इंजीनियरिंग विभाग में लेखापाल के पद पर नियुक्त हुए। उनकी इमानदारी और समर्पण की झलक उनके जीवन के सभी पक्षों में दिखाई देती थी, जिससे उनका विनम्र जीवन न केवल ईश्वर की दृष्टि में, अपितु एक साधारण कार्यालय कर्मचारी के रूप में भी सर्वोत्कृष्ट बन गया था।

लाहिड़ी महाशय के 33वें वर्ष में सन 1861 की शरद ऋतु में एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना ने अब तक के एक साधारण जीवन की दिशा परिवर्तित कर दी। संपूर्ण मानव जाति की आध्यात्मिक धुरी की दिशा में भी एक विराट परिवर्तन हुआ। लाहिड़ी महाशय का स्थानांतरण हिमालय में स्थित रानीखेत कर दिया गया। अत्यंत रहस्यमय ढंग से एक दिन दोपहर को द्रोणागिरी पर्वत में पदयात्रा करते हुए उनकी भेंट हिमालय के अमर योगी महावतार बाबाजी से हुई। आश्चर्यचकित युवक को गुरुदेव ने एक रहस्यमय संदेश दिया कि उन्होंने ही उनके वरिष्ठ अधिकारी के मन को गुप्त रूप से यह सुझाव दिया था कि लाहिड़ी महाशय को रानीखेत स्थानांतरित कर दिया जाये। 'जब कोई मनुष्य मानव मात्र के साथ एकता का अनुभव करता है, तब उसके लिए सभी मानव-मन संचार केंद्र बन जाते हैं और वह उनके माध्यम से अपनी इच्छा के अनुसार कार्य कर सकता है।'

बाबाजी ने उनके पूर्वजन्म के कुछ अकल्पनीय तथ्यों को प्रकट करने के पश्चात हतप्रभ युवक को लुप्त प्राचीन क्रियायोग विज्ञान की दीक्षा प्रदान की। श्री श्री परमहंस योगानंदजी के सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' के 'हिमालय में महल का सृजन' प्रकरण में अत्यंत मार्मिक ढंग से इस अद्भुत घटना का विस्तृत वर्णन किया गया है। (योगानंदजी के माता-पिता लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे और गुरुदेव ने स्वयं उन्हें भी उनके बचपन में अपना आशीर्वाद प्रदान किया था। अनेक वर्षों के पश्चात आज से एक शताब्दी से भी अधिक समय पूर्व योगानंदजी ने योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) और सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना करके क्रियायोग के पवित्र विज्ञान का प्रसार करने का उत्तरदायित्व स्वीकार किया था)।

युवा लाहिड़ी महाशय गुरुदेव के चरणों में निरंतर सात दिनों तक निर्विकल्प समाधि के आनंद में निमग्न रहे। आठवें दिन उन्होंने बाबाजी से प्रार्थना की कि वे उन्हें उन निर्जन पर्वतों में सदैव अपने साथ ही रहने दें। परंतु उनके दयालु गुरुदेव के मन में उनके लिए महान योजनाएं थीं। 'तुम्हारा जीवन आदर्श गृहस्थ-योगी का उदाहरण बनकर शहरों की भीड़भाड़ के बीच रहने के लिए है। तुम्हें सच्चे जिज्ञासुओं को क्रियायोग के माध्यम से आध्यात्मिक दिलासा देने के लिए चुना गया है। तुम्हारे संतुलित जीवन से यह बात उनकी समझ में आ जायेगी कि मुक्ति बाह्य त्याग पर नहीं, अपितु आंतरिक वैराग्य पर निर्भर करती है।'

इस प्रकार लाहिड़ी महाशय का सामंजस्यपूर्ण संतुलित जीवन जनसाधारण के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गया। उन्होंने सभी मतावलंबियों को क्रियायोग दीक्षा का उपहार प्रदान किया। उन्होंने तत्कालीन कठोर जातिवादी कट्टरता को दूर करने के लिए भी अथक प्रयास किये। योगावतार प्रायः अपने शिष्यों को इन शब्दों के साथ प्रोत्साहित किया करते थे, 'बनत, बनत, बन जाये।' अर्थात निरंतर प्रयास करते रहने से अंततः दिव्य लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी।

## देश-विदेश की खबरें

# लैंड स्कैम में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ एफआइआर दर्ज



**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले मामले में एफआइआर दर्ज की है। कर्नाटक के एक स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त टीम को जांच का जिम्मा सौंपा है। दरअसल, कर्नाटक गवर्नर थावर चंद गहलोत ने 16 अगस्त को इस घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच के आदेश दिये थे। सिद्धारमैया इसके खिलाफ हाईकोर्ट गए, लेकिन 24 सितंबर को अदालत ने भी कहा कि जांच का आदेश सही है, ये होनी चाहिए। सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों का नाम एमयूडीए लैंड स्कैम में आया है। एक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा ने आरोप लगाया था कि सीएम ने एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर 14 महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया।

# अमेरिका में हेलेन तूफान का कहर, पांच की मौत, छह राज्यों में इमरजेंसी घोषित

**लोरिडा (एजेंसी)।** अमेरिका में शुक्रवार को हेलेन चक्रवात से 12 राज्यों में 5 लोगों की मौत हो गयी है, कई लोग घायल हो गये हैं। इससे 1 करोड़ 20 लाख लोग प्रभाव हैं। अमेरिका के फ्लोरिडा, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना, वर्जीनिया और अलबामा में इमरजेंसी घोषित कर दी गयी है। इन राज्यों में 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स को रद्द कर दी गयी हैं। वहीं 4 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। हेलेन चक्रवात शुक्रवार की सुबह फ्लोरिडा के तट से टकराया था, तब 225 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। पानी भरने की वजह से लोग घरों में बोट चला रहे हैं। स्टेट इमरजेंसी सर्विस ने बताया कि अगले दो से तीन दिन में 5 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं।

# यूपी में स्कूल की तरक्की के लिए बच्चे की हत्या, मालिक का तांत्रिक पिता गिरफ्तार

**हाथरस (आजाद सिपाही)।** उत्तरप्रदेश के हाथरस में एक स्कूल की तरक्की के लिए 11 साल के छात्र की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक स्कूल के मैनेजर (स्कूल मालिक) के पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। मैनेजर का पिता तांत्रिक है। उसका मानना था कि बच्चे की बलि देने से स्कूल की तरक्की होगी। हत्या के बाद पिता शव को कार में डालकर ठिकाने लगाने जा रहा था। इसी दौरान बच्चे के घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। वारदात 23 सितंबर की है। पुलिस ने इसका खुलासा 26 सितंबर को किया। मामला सहपऊ थाना क्षेत्र का है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कृतार्थ की हत्या गला दबाकर की गयी है। उसके गले पर चोट के निशान थे। बच्चे के पिता ने मैनेजर दिनेश बघेल सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें चार अज्ञात थे। अब पुलिस ने इस मामले में मैनेजर समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली की एयर क्वालिटी पर सुप्रीम कोर्ट बोला

# हालात इमरजेंसी जैसे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को फटकार लगायी।

कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात हैं। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आयी है? आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं? आपकी कार्रवाई केवल कागज पर है और आप मूकदर्शक हैं।

अगर आप यह मैसेज नहीं देते हैं कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जायेंगे। पिछली सुनवाई के दौरान 27 अगस्त को कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कर्मचारी कम होने की वजह से ठीक से काम नहीं हो रहा। कोर्ट ने पांच राज्यों को आदेश दिया था कि वे खाली पड़ी नौकरियों को 30 अप्रैल 2025 तक भरें, ताकि प्रदूषण पर काबू पाया जा सके। मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही है।

# सेना में भर्ती होनेवाले हर अग्निवीर को पेंशनवाली नौकरी देंगे : शाह

- **हरियाणा की कांग्रेस सरकार में डीलर-दलाल, दामाद की 3डी काम करती थी, आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 3 रैलियां कीं। रेवाड़ी में पहली रैली में शाह ने कहा- सेना में भर्ती होने वाले हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी देंगे। कांग्रेस वाले सेना का सम्मान नहीं करते। कांग्रेस ने सेनाध्यक्ष को गुंडा कहा था।

हरियाणा में कांग्रेस सरकार में डीलर-दलाल नियुक्ति पत्र देते थे, लेकिन बीजेपी में डाकिया देकर आता है। भाजपा सरकार ने डीलर-दामाद का नामोनिशान मिटा दिया। शाह ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह कांग्रेस शासित राज्यों में एमएसपी लागू करके दिखायें। इसके बाद वे अंबाला के बराड़ा में पहुंचे। यहां शाह ने कहा कि हरियाणा में जब कांग्रेस सरकार थी तो 3डी काम करती थी, जिसमें डीलर-दलाल और दिल्ली में बैठा दामाद शामिल है। कांग्रेस दलितों पर अत्याचार करती है। लोग अभी गोहाना और मिर्चपुर कांड भूले नहीं हैं।

शाह ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के बहाने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को घेरते हुए कहा कि हुड्डा की मानसिकता है कि दलित बहन सैलजा को प्रचार के लिए बुलाया तो वे हार जायेंगे।

तीसरी रैली कुरुक्षेत्र के लाडवा में की। यहां शाह ने कहा- अमेरिका में राहुल गांधी ने सच बोला कि एससी और ओपीसी का विकास हो गया है, अब आरक्षण हटा देंगे। अमित शाह ने कहा कि जब तक बीजेपी की मोदी सरकार है, तब तक आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे।

4 दिन पहले भी अमित शाह हरियाणा में प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने फतेहाबाद के टोहाना और यमुनानगर के जगाधरी में रैली की थी। आज मैं आपके सामने कहता हूं कि नरेंद्र मोदी सरकार ने दोगुने से ज्यादा धान और गेहूं खरीदने का काम किया है। हुड्डा साहब मैं चैलेंज देकर जाता हूं कि आपके दस साल, हमारे दस साल में मिलान कर लेते हैं कि किसकी कार्यकाल में फसलों की खरीद एमएसपी पर सबसे ज्यादा हुई।

## चान्हो पहुंचा भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ सुदर्शन भगत और सन्नी टोप्पो हुए शामिल




**चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)।** भाजपा का परिवर्तन रथ यात्रा शुक्रवार को लोहरदगा से कुडू के रास्ते चान्हो प्रखंड पहुंचा, जहां पहले से उपस्थित सैकड़ों भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। रथ यात्रा में भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव एवं पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, मांडर के युवा नेता सनी टोप्पो रथ पर सवार होकर जुलूस के रूप में बीजूपाड़ा होते हुए मांडर पहुंचे। जनता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता से वादा खिलाफी की है। नौकरी के नाम पर लोगों को ठगा है। बालू की लूट एवं भ्रष्टाचार में हेमंत सरकार पूरी तरह लिप्त है। वहीं, युवा नेता सनी टोप्पो ने कहा कि झारखंड के साथ ही मांडर की जनता ने भी मन बना लिया है कि यहां भाजपा का विधायक लाना है। कहा कि यहां की वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आमजनों को छलने का कार्य किया है। उन्होंने जनता से भाजपा को वोट देकर वर्तमान विधायक को सबक सिखाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, शफीक आलम, सतीश शाह, विजय कुमार सोनी, तबस्सुम कैलाश साहू आदि उपस्थित थे।

## रातू में वार्ड सदस्यों ने निकाला प्रतिरोध मार्च



**रातू (आजाद सिपाही)।** सरकार एवं प्रशासन की ओर से वार्ड सदस्यों के अधिकार का हनन करने के विरोध में रातू प्रखंड के उप मुखिया व वार्ड सदस्यों ने शुक्रवार को प्रतिरोध मार्च निकालकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। रातू वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष चंद्र दीप उरांव के नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च टेंडर बगीचा से काठीटांड चोंक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचा था। इस दौरान वार्ड सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की और मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों में उप मुखिया व वार्ड सदस्य मूक दर्शक की भूमिका निभा रहे है। उन्होंने बीडीओ के नाम छह सूत्री मांग पत्र भी सौपीं। जिसमें सरकारी योजनाओं के दस्तावेजों में वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया का हस्ताक्षर अनिवार्य, योजना के चयन में अनिवार्य रूप में शामिल, अबुआ आवास एवं पीएम आवास के लाभुकों के चयन में भागीदारी, ग्राम सभा मे शामिल करने व उप मुखिया का मानदेय 5 हजार व वार्ड सदस्यो मानदेय 4 हजार सुनिश्चित करने की मांग रखी गयी। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव दिनेश तिग्गा ने किया।

## सीयूजे के विद्यार्थियों का सीआइटी में आयोजित प्रशिक्षण का हुआ समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के पांचवें सेमेस्टर के 28 विद्यार्थियों के एक दल ने शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब में एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रनिंग लोड करंट, एसी व डीसी पावर जनरेशन, शंट मोटर स्पीड कंट्रोल, डीसी सीरीज मोटर के बारे में संस्थान के विशेषज्ञों से प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उपप्राचार्य प्रो रसीका नवनीत सिंह, ट्रिपल ई डिपार्टमेंट के विभगध्यक्ष डॉ बी सी साहा, डॉ नैयर मुमताज, प्रो बी एन घोष, प्रो पीपी दास, प्रो सुजीत, अनुप्रिया, खुशबू लुगुण आदि ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों के दल के साथ मौजूद सीयूजे के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप गुप्ता ने कहा कि संस्थानों का परसपर सहयोग विद्यार्थियों के लिये काफी हितकर है। प्राचार्य डॉ रंगनाथन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों के प्रति आभार जताया।

## क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन ने किया थाना में सहयोग



**नामकुम (आजााद सिपाही)।** क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को अलमारी एवं शुद्ध पेयजल के लिए वॉटर डिस्पेंसर टाटीसिलवे थाना को देखकर सहयोग की। जिसे थाना के सब इंस्पेक्टर संजय कुमार साव, कांस्टेबल काशीनाथ वर्मा, विमल कुमार एवं चंदा किसको रिसीव किया। मौके पर फाउंडेंशन के अधिकारी क्षेत्र प्रबंधक धमेंद्र कुमार चौहान व शाखा प्रबंधक मोहम्माद समीर मौजूद थे।

## नामकुम में खाद्य सामग्री देकर की मदद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटी बस्ती निवासी जग्गू महतो (65) की मृत्यु पिछले दिनों बिमारी से हो गई थी। जिसके भोजकर्म के लिए जेएलकेएम परिवार की ओर से आटा, चावल, तेल, दाल आदि का सहयोग किया गया। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने सामलोंग निवासी संजय भुटकुमार (30) के परिजनों को दशकर्म के लिए कच्चा राशन देकर मदद की। मौके पर जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन मंत्री फलींद्र करमाली, बिमल महतो, सोरेन महतो, मोहरी देवी, अमृता देवी, लक्ष्मी देवी, अंजली देवी, जय मेहता, सुरेंद्र महतो, जितनी देवी, गुड़िया भुटकुमार, शारदा देवी आदि थे।

## लापुंग के कोयनारा से महिला का शव बरामद

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** कोयनारा लैम्पस के पास जाम टंगरा के समीप 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। महिला लाल गुलाबी साड़ी पहनी हुई है। पैर, हाथ व गले में गोदना का निशान। इसकी सूचना पाकर लापुंग थाना के एएसआई कामेश्वर चौधरी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया है। शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार महिला को दो माह से वहां रह रही थी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### खिजरी विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

# खिजरी आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित होने जा रहा: राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शुक्रवार को विधायक मद से नामकुम प्रखंड में तीन योजनाओं का शिलान्यास पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किया। इसमें ग्राम घासीटोली में चबुतरा निर्माण, दिसकीली मड़ाई से पैतरुस लकड़ा के घर तक पीसीसी पथ एवं बलिकट मड़ाई की सुंदरीकरण शामिल है। विधायक ने कहा कि हमारा विधानसभा आदर्श विधानसभा के रुप में विकसित होने जा रहा है। क्षेत्र सामाजिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। खिजरी में सुशासन की संकल्पना सकार होने जा रही है। इससे यातायात सुगम बनेगा और क्षेत्रवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर रामपुर पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, मुखिया सरस्वती देवी, उपमुखिया सुष्मिता तिग्गा, अल्बर्ट तिग्गा, खुदिया कच्छप, बिनोद लोहरा, जयराम तिर्की, धरमू, फूलजेन्स, समीर, मनोज, संतोष, प्रकाश, राजन, बिरिश और सुशीला आदि उपस्थित थे।

## भाषा व संस्कृति को बचाना होगा : डॉ परमेश्वर भगत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरना समिति क्लब सेरो, नरकोपी के तत्वाधान में शुक्रवार को जीतिया जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारी संस्कृति को और मजबूत करने का बल मिलता है। कहा कि हमारी रूढ़ी परंपरा, रीति रिवाज, भाषा संस्कृति को बचाते हुए जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा के लिए हमें सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक रहना होगा। कहा कि शिक्षा ऐसा कुंजी है जो बंद दरवाजों को खोलल सकती है। इसलिए अपने बच्चो के पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर प्रो मंजू मिंज व 15 खोड़हा टीम समेत आसपास के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# समाज के विकास में महिलाओं का अहम योगदान : शिल्पी नेहा तिर्की

**मांडर के मंदरो में जेएसएलपीएस बैठक में विधायक का महिलाओं में जागरूकता पर दिया गया जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मांडर।** प्रखंड के मंदरो में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वाबलंबन के लिये सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। विधायक ने कहा कि सशक्त महिलाओं के बल पर ही समाज आगे बढ सकता है। अन्यथा दुनिया की कोई भी ताकत न केवल समाज या देश बल्कि घर-परिवार को भी आगे नहीं बढ़ा सकती। कहा कि आज समाज की सबसे बड़ी जरूरत महिलाओं में जागरूकता का व्यापक प्रसार करना है। इसके लिये खुद महिलायें ही सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को जाना।

# सांसद प्रो आदित्य साहू ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के कुच्चू और बरवे पंपंचायत में जिला अनाबद्ध निधि से कुच्चू तालाब के गार्डवाल और बरवे पंचायत में पीसीसी पथ का शिलान्यास राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू एवं पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भास्कर, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो (धीरज), मानकी राजेंद्र शाही, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, अमरनाथ चौधरी, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सुनील महतो, चतुर साहू, राजेश गुप्ता, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू, राजकिशोर साहू, अजय साहू और बालक महतो आदि उपस्थित थे।

# मछुआरों का विरोध, रुका सोलर पॉवर प्लांट सबस्टेशन की चाहरदीवारी का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** गेतलसूद जलाशय में स्थापित होने वाले सोलर फ्लोटिंग पॉवर प्लांट के लिए डैम साइड में बनने वाले सोलर पॉवर सब स्टेशन कार्य का शुक्रवार को मछुवारों ने जमकर विरोध किया। जिसे देखते हुए चारदीवारी निर्माण कार्य को स्थगित कर दिया गया। इस बीच बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल व थाना प्रभारी हीरालाल शाह द्वारा मछुवारों को समझाने की काफी कोशिश की गई पर वे नहीं मानें। उनका कहना था कि सोलर पॉवर प्लांट लग जाने से मछूवा परिवारों का रोजगार पूरी तरह से छीन जायेगा। उधर, विरोध की सूचना मिलने पर बुंडू डीएसपी रति भान सिंह पहुंच गये। उन्होंने भी अपने स्तर से विरोध कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़े थे कि सांसद व विधायक की उपस्थिति में वार्ता के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। डीएसपी ने मछुवारों से कहा कि सांसद और विधायक के साथ शीघ्र बैठक कर इसका हल निकालें। इसके लिए मछुआरों ने एक सप्ताह का समय लिया है। फिलहाल एक दिन पावर ग्रीड लगने वाले स्थान की केवल मिट्टी जांच की जाएगी। करीब ढाई एकड़ भू भाग पर सबस्टेशन बनाया जाएगा। ग्रामीणों का नेतृत्व मछुआरा संघर्ष समिति अनगड़ा-ओरमांझी के सचिव भोला महतो कर रहे थे। इससे पूर्व प्रशासन ने यहां भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था। सचिव भोला महतो ने कहा कि सोलर प्लांट लगने से हजारों मछुआरों का रोजगार छीन जाएगा। बतातें चलें कि गेतलसूद डैम में पानी के उपर कुल 172 हेक्टेयर जलभाग पर सोलर पैनल लगाया जाना है। 400 करोड़ की लागत से कुल 100 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट को सेकी कंपनी बनवा रही है। जिसका कार्य एल एंड टी कंपनी करा रही है। मौके पर मनेश्वर नायक, सचिन नायक, चामु नायक, विजय मुंडा, सावन नायक, छबिया नायक, रामु नायक, सूरज नायक, बाबूराम महतो, रोगन मुंडा आदि मौजूद थे।

# योग्य लाभुक को मिले अबुआ आवास की राशि : सहाबीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी ।** प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सहाबीर लोहरा के नेतृत्व में बीडीओ दीपाली भगत से एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवारर को मुलाकात की। जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर मांगे रखी गयी।

प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से कहा कि आबुआ आवास में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। योग्य लाभुक को इसका लाभ मिले। जिनका अबुआ आवास की सूची में नाम है उसको प्रखंड कार्यालय में पारदर्शी करते हुए। सबकी सूची को सूचना पट दिवाल में बाहर जल्द से जल्द लगवायें। ताकि विचौलिया लोगों को गुमराह नहीं कर पाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में अख्तर अंसारी, निरुपमा तिर्की, शकील अंसारी, तरुण तिर्की, माहीर अंसारी, जगन्नाथ उरांव, नीलिमा कुजूर, मोहम्मद शकील, महादेव तिग्गा, इमरान अंसारी आदि शामिल थे।


**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या –04/2024-25/NREP/SIMDEGA दिनांक – 27.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राषि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राषि (रूपये में) | अग्रधन की राषि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलडेगा | जलडेगा प्रखण्ड के कुटुंगिया पंचायत अन्तर्गत अनई से टोनिया पथ के अनई नाला में 2X15'X8' का पुलिया निर्माण (पार्ट–A) | 24.92700 | चौबीस लाख बानबे हजार सात सौ रूपये। | 5000 | 50000 | 90 Days |
| 2 | जलडेगा | जलडेगा प्रखण्ड के कुटुंगिया पंचायत अन्तर्गत अनई से टोनिया पथ के अनई नाला में 300 फीट गार्डवाल निर्माण (पार्ट–B) | 12.68400 | बारह लाख अड़सठ हजार चार सौ रूपये। | 2500 | 25500 | 90 Days |
| 3 | बानो | बानो प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–बेड़ईरगी के ग्राम सुमिनबेड़ा में आर0सी0 प्राथमिक विद्यालय (बुथ नं0 182) एवं गिरजाघर तक पहुंच हेतु 700' पी0सी0सी0 पथ, 4X3 का पुलिया एवं 120' गार्डवाल निर्माण। (पार्ट–A) | 22.96800 | बाईस लाख छियानबे हजार आठ सौ रूपये। | 5000 | 46000 | 90 Days |
| 4 | बानो | बानो प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–बेड़ईरगी के ग्राम सुमिनबेड़ा में आर0सी0 प्राथमिक विद्यालय (बुथ नं0 182) एवं गिरजाघर तक पहुंच हेतु 1350' पी0सी0सी0 पथ। (पार्ट–B) | 24.80430 | चौबीस लाख अस्सी हजार चार सौ तीस रूपये। | 5000 | 49700 | 90 Days |
| 5 | बानो | बानो प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–साहुबेड़ा से केवेटांग मुख्य पथ पर डुमरिया बाजारटांड के पास 1X15'X8 का पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण। | 24.76502 | चौबीस लाख छिहत्तर हजार पाँच सौ दो रूपये। | 5000 | 49600 | 90 Days |
| 6 | बानो | बानो प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–साहुबेड़ा से केवेटांग मुख्य पथ में 1030' का पी0सी0सी0 पथ निर्माण एवं 1X6X4 का कलभर्ट निर्माण। (पार्ट–A) | 24.75183 | चौबीस लाख पचहत्तर हजार एक सौ तिरासी रूपये। | 5000 | 49600 | 90 Days |
| 7 | बानो | बानो प्रखण्ड के ग्राम पंचायत–साहुबेड़ा से केवेटांग मुख्य पथ में 1160 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 180 फीट गार्डवाल निर्माण। (पार्ट–A) | 24.85065 | चौबीस लाख पचासी हजार पैंसठ रूपये। | 5000 | 49800 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | Date of publication of Bid on Website | :- | 01.10.2024 at 10:00 AM |
| 3 | Mode of Submission of Tender | :- | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Bid submission start date | :- | 01.10.2024, 10:00 AM onwards |
| 5 | Last date and Time of Online submission of Bid | :- | 07.10.2024 by 03:30 PM |
| 6 | Bid Opening Date and Time | :- | 08.10.2024 at 05:00 PM |
| 7 | Tender inviting Authority | :- | Executive Engineer, N.R.E.P., Simdega |

विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0
सिमडेगा

PR 337417 (Simdega)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 30 / 2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 07-10-2024 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 08-10-2024 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 08-10-2024 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर प्रखण्ड अन्तर्गत तरगा पंचायत के डुमरमुण्डा REO पथ से झारियाडीपा जाने वाली मुरम पथ पर उ0क्र0 विद्यालय के सामने 2x15'0"x8'0" का पुलिया निर्माण। | 24,99,700.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 2 | बांसजोर प्रखण्ड अन्तर्गत कोम्बाकेरा पंचायत के कादोपानी, पहानटोली जाने वाली पथ में 260 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण एवं 1x15'0"x8'0" का पुलिया निर्माण। | 24,97,358.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 3 | बांसजोर प्रखण्ड अन्तर्गत उरते पंचायत में NH 143 से महिपानी जाने वाली पथ पर 150 फीट गार्डवाल का निर्माण। | 7,88,630.00 | 15,800.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 4 | बांसजोर प्रखण्ड अन्तर्गत बांसजोर पंचायत के रामजड़ी में कालीकरण पथ पर दो जगह 150 फीट गार्डवाल का निर्माण। | 7,88,630.00 | 15,800.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 5 | जलडेगा थाना कैम्पस में गेट से गार्ड बैरक तक करीब 100 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं मेस एरिया तक 1000 स्क्वाईर फीट पेभर ब्लॉक पथ निर्माण। | 3,07,673.00 | 6,200.00 | 750.00 | 03 (Three) Months |
| 6 | पुलिस केन्द्र सिमडेगा परिसर स्थित मेन गेट से नवनिर्मित पार्किंग शेड एवं कैन्टीन तक 15000 स्क्वाईर फीट पेभर ब्लॉक निर्माण। | 15,81,765.00 | 31,700.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 7 | पुलिस नियंत्रण कक्ष सिमडेगा के सामने 16835 स्क्वाईर फीट पेभर ब्लॉक का निर्माण। | 17,63,649.00 | 35,300.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 8 | पाकरटांड़ प्रखण्ड अन्तर्गत क्रुशकेला पंचायत के कटासारु लायलोंगा के बीच 2x15'0"x8'0" स्पेन का पुलिया निर्माण। | 24,93,000.00 | 49,900.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 9 | प्रखण्ड – पाकरटांड़ पंचायत सिकरियाटांड़ अन्तर्गत ग्राम पतराटोली में 1084 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (पार्ट–A) | 24,97,203.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 10 | प्रखण्ड – पाकरटांड़ पंचायत सिकरियाटांड़ अन्तर्गत ग्राम पतराटोली में 575 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (पार्ट–B) | 13,24,365.00 | 26,500.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 11 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत बड़कीबिउरा पंचायत के कदमटोली मोड़ से ढुढीअम्बा गिरजाघर तक 680 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (पार्ट–A) | 24,96,900.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 12 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत बड़कीबिउरा पंचायत के कदमटोली मोड़ से ढुढीअम्बा गिरजाघर तक 360 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (पार्ट–B) | 13,21,900.00 | 26,500.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 13 | कुरडेग प्रखण्ड अन्तर्गत झिरकामुण्डा पंचायत के मुस्लिम मुहल्ला में 100 मी पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4,94,300.00 | 9,900.00 | 750.00 | 03 (Three) Months |
| 14 | केरसई प्रखण्ड अन्तर्गत कोनजोबा पंचायत के मौनाटोली दिलीप खाखा के खेत के पास 1x20x6 का पुलिया एवं 145x6 का गार्डवाल निर्माण। | 24,97,800.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 15 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के कोरोमिया पंचायत के जपलंगा डीपाटोली में 1x16x6 का पुलिया एवं 200x6 का गार्डवाल निर्माण। | 24,61,900.00 | 49,300.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 16 | रेंगारीह मुख्य सड़क, थाना चौक से टोंगरीटोली थाना गेट तक 400 मी0 पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 19,77,000.00 | 39,600.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 17 | Construction of Common Toilet/bath Room in District Control Room Campus Simdega. | 14,64,100.00 | 29,300.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 18 | Construction of 150 m PCC Road & Gaurdwall 100' Near Thana Mode to Kersai Thana, GP Kersai. | 13,50,300.00 | 27,100.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 19 | ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत जामटोली–कठलटोली, राजाबासा के घघरिया नाला के पास 2x15x8 का पुलिया निर्माण। (पार्ट–A) | 24,99,994.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 05 (Five) Months |
| 20 | ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत जामटोली–कठलटोली, राजाबासा के घघरिया नाला के पास 250 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (पार्ट–B) | 12,17,938.00 | 24,400.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 21 | जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत कुटुंगिया हेरमन रास्कर्ट स्कूल से खेल मैदान तक 380 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 19,07,400.00 | 38,200.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 22 | प्रखण्ड कुरडेग के मुख्य द्वार से नवनिर्मित एफ0सी0आई0 गोदाम तक 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,05,200.00 | 26,200.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 23 | प्रखण्ड कुरडेग के गड़ियाजोर सांवा कदमटोली बस्ती से स्कूल तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,35,500.00 | 44,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 24 | प्रखण्ड कुरडेग के बड़कीबिउरा डोंगपानी में 1x15'x8 स्पेन का पुलिया निर्माण। | 21,15,300.00 | 42,400.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 337413 (Simdega)24-25*D

### विधायक ने 15 करोड़ की लागत की दो सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# विश्रामपुर के पूर्ण विकास का संकल्प हो रहा पूरा : रामचंद्र

**विधायक की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए दर्जनों लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता


सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

**विश्रामपुर/पलामू।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड में 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दो सड़कों का शिलान्यास किया। जिसमें जरका मोड मंदिर से गेडुआ होते हुए कानू टोला तक सड़क का नवनिर्माण व एनएच 39 से लेकर टोना तक की सड़क का सुदृढीकारण शामिल है। दोनों प्रस्तावित सड़कों का शिलान्यास विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। कहा कि पहली बार विधायक बनने के बाद हमने विश्रामपुर विधानसभा को पूर्ण विकसित करने का संकल्प लिया था। हमारा यह संकल्प पूरा होने वाला है। विश्रामपुर विकास 1की नई ऊंचाईयों पर पहुंचने वाला है। क्षेत्र की लगभग सभी सड़कों का पक्कीकरण हो चुका है। अगर कोई सड़क बाकी रह गयी हो तो बताएं, उसे भी बनवाया जायेगा। क्षेत्र के सभी नदी-नालों पर पुल- पुलिया भी बन चुका है। जिससे क्षेत्र का हर गांव एक-दूसरे से जुड़ गया है। विधायक ने कहा कि शिक्षा से लेकर स्वास्थ तक के क्षेत्र में विश्रामपुर झारखंड के बाकी विधानसभा क्षेत्रों से आगे निकल चुका है। लगभग सभी गांवों में बिजली पहुंचा दी गई है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, संजय चंद्रवंशी, उदय पांडेय, संजय तिवारी, रामानंद तिवारी, उपेंद्र तिवारी, दिलीप चंद्रवंशी, दिलीप पासवान, मनोज कुमार मिश्रा, अलख चंद्रवंशी, राजकुमार कानू, परीखा चंद्रवंशी, रेखा चंद्रवंशी, शंकर यादव, महादेव यादव, पंकज तिवारी, संजय यादव, सत्या कुमार, रविंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

**थामा भाजपा का दामन**

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से प्रभावित होकर कई लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को विधायक ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान शामिल होने वालों में सत्येंद्र महतो, कामेश महतो, वीरेंद्र महतो, अनूप महतो, अशोक महतो, रवि महतो, रामशेवक महतो, गिरवर महतो, संतोष महतो, उदय महतो, राम करेश महतो, छोटु महतो, अजीत महतो, दिनेश महतो, चंदन चंद्रवंशी, बाबू राम सिंह आदि हैं।

## राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन 29 को



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजद नेता कमलेश यादव ने 29 सितंबर को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में होने वाली राजद के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कटैया, कोषडिहरा, बेलौदार, अररुआ खुर्द, अंसारी बिगहा, सतगंवा आदि गांवों के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मिल कर सम्मेलन में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के राजद कार्यकर्ताओं व पार्टी समर्थकों से भारी संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। मौके पर कामेश्वर पासवान, रंजन कुमार, प्रदीप सिंह, पवन ठाकुर, नशीम अंसारी, योगेंद्र सिंह, मनीष पटेल, जितेंद्र कुमार सिंह और अनवर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# डाल्टनगंज सीबीसी की ओर से स्वच्छता ही सेवा पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुक्रवार को चैनपुर राजमाता प्रफुल्ल मंजरी कन्या उच्च विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता हुई। इसके पूर्व स्वच्छ भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह, विद्यालय परिसर क्षेत्र की साफ सफाई, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम कराए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिंधु यादव, शिक्षक मणिलाल रवि, ओम प्रकाश यादव, शिक्षिका पुष्प लता कुमारी, एनी मिंज, सीमा कुमारी, आईसीटी नेहा परवीन, रामाशीष पांडे एवं संजीव कुमार पांडे की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता के बाद प्रथम स्थान काजल प्रवीण, द्वितीय स्थान साजिया खातून, तृतीय स्थान रोशनी कुमारी एवं बिना कुमारी को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। एक अन्य कार्यक्रम के तहत राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंकारी, चैनपुर, डाल्टनगंज, पलामू में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां भी स्वच्छता शपथ, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कुंदन कुमार, द्वितीय स्थान सोनू कुमार, तृतीय स्थान सब्बू फातिमा को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक श्याम लाल उरांव, अंजनी कुमार, स्नेह लता कुमारी, सुमित कुमार, श्यामलाल साहू और गौतम कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालयः- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

पत्रांक................(DHS) कोडरमा, दिनांक......../09/2024

**अति.अल्पकालीन निविदा सूचना**

सदर अस्पताल, **कोडरमा** एवं **कोडरमा जिले** के अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2024–25 एवं 2025–26 में मॉडुलर ओ टी हेतु एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, केंद्रीय वैक्यूम कक्ष डेवलप, ऑपरेशन थिएटर के लिए छोटे–छोटे सामग्री, Wireless CCTV, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के बाहर के एरिया गैलरी– pvc flooring 350 sq feet, wall paneling 600 sq feet, Ceiling 350 Sq Feet, प्री ऑपरेटिव एरिया– pvc flooring 500 sq feet, wall paneling 780 sq feet, Ceiling 500 Sq Feet एनेस्थीसिया रूम– pvc flooring 250 sq feet, wall paneling 700 sq feet, Ceiling 250 Sq Feet और फॅमिली प्लानिंग/वर्तमान में ऑपरेशन थियेटर – pvc flooring 450 sq feet, wall paneling 900 sq feet, Ceiling 450 Sq Feet को मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर के तर्ज पर कम लागत में सुधार करने हेतु, सदर अस्पताल में लगे सामग्री, जैसे Electrical(AC/TV/Refrigerator), IT Systems, Medical Equipment, RO Systems एवं अन्य का एनुअल मेंटेनन्स हेतु कंपनी को चयनित करना, ऑपरेशन थिएटर के सर्जन अन्य कर्मचारियों तथा मरीजों के लिए के लिए बर्दी, वार्ड के मरीजों के लिए 7 अलग अलग रंग के बेडशीट, मरीजों के कागजो को सुरक्षित रखने हेतु रोगी फोल्डर तथा आई पी डी हेतु बी एच टी फोल्डर, लैब रिपोर्टिंग फॉर्मेट, एक्स रे लिफाफा, पावती रसीद बुक आयुष्मान भारत तथा अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के प्रचार प्रसार हेतु सामग्री का मुद्रण तथा दवा, चिकित्सकीय सामग्री, लैब रीजेंट विभिन्न सामग्री के लिए आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 निर्गत हो) से दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी या सप्लायर से मुहरबंद निविदा दिनांक 04.10.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन– 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा के नियम एवं शर्तें www.koderma.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR 337210 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D


## हमारा लक्ष्य ओबीसी, एससी-एसटी समुदायों को उनका हक दिलवाना है : ब्रह्मदेव प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को उन्होंने अभियान के दौरान ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के हक और अधिकारों के लिए एकजुटता की अपील की। टोना और भंडार में आयोजित एक जनसभा के दौरान ब्रह्मदेव प्रसाद ने जनता से सीधा संवाद किया। इस सभा का आयोजन राकेश ने किया। बीडी प्रसाद ने वहां उपस्थित लोगों से आशीर्वाद और सहयोग की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरे झारखंड के ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों को एकजुट कर उनके हक और अधिकारों के लिए संगठित करना है। हमारा लक्ष्य इन समुदायों को उनका हक दिलाना है. इसके लिए हमें सभी का सहयोग और समर्थन की आवश्यक है। उन्होंने इस संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की योजना का भी उल्लेख किया। जनसभा में उपस्थित लोगों ने इस अभियान को समर्थन देने का आश्वासन दिया और इसे झारखंड के विभिन्न हिस्सों में फैलाने का आह्वान किया। इस मौके पर सत्येंद्र साव, कार्तिक साव, गणेश साव, मुकन साव, जितेंद्र साव, आकाश कुमार, आतिश प्रजापति, कंचन साव, एतवारी साव, विजय साव, कौशल साव, रणधीर साव, जिर्योधन प्रजापति और नागेश्वर प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# मलय डैम में जल व साहसिक क्रीड़ा शुरू

**विश्व पर्यटन दिवस पर डीसी ने दी पलामूवासियों को सौगात, विभिन्न पर्यटक गतिविधियों का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** विश्व पर्यटन दिवस पर सतबरवा स्थित मलय डैम में शुक्रवार को डीसी शशि रंजन ने जल क्रीड़ा के तहत डैम में बोट संचालन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर एसडीओ व छत्तरपुर एसडीओ भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद सभी अधिकारियों ने नौका विहार का आंनद लिया। इस अवसर पर डीसी ने डैम घूमने आये एक परिवार को उपहार दिया। साथ ही पर्यटन मित्रों के बीच प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी सौंपा। डीसी ने कहा कि मलय डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा की योजना तैयार की है। आज से डैम में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री जैसे स्पीड मोटर बोर्ड, पैडल बोट, कयाकिंग और जेट्टी की व्यवस्था की गयी है। कहा कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। जिले में पर्यटक स्थलों के समुचित विकास, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थापना, पर्यटकों के लिए आवास की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासनकृत संकल्पित है। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, बीडीओ, पर्यटन कोऑर्डिनेटर सुशील द्विवेदी और सिकंदर आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-34/2024-25 दिनांक – 25.09.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 28.09.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.10.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of P.C.C. road from Kamdara Main road to newly Constructed community health center Kamdara Dist. Gumla | अनाबद्व निधि | 3790500.00 | 75900.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of P.C.C. road & Guard wall from Kachhuatangar Main road to Kudlaga Block- Basia Dist. Gumla | अनाबद्व निधि | 4753400.00 | 95100.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोटः–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

PR 337280 Minor Irrigation (24-25)_D


# पलामू में दो विस सीट पर ओबीसी से प्रत्याशी दिया जाये : धनंजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धनंजय यादव ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि पलामू जिला में 60 फीसदी से भी ज्यादा आबादी ओबीसी समाज की है। विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन की जीत में ओबीसी समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। इसलिए पार्टी को ओबीसी समाज से पलामू में कम से कम दो विधानसभा सीटों पर प्रत्यासी बनाया जाना चाहिए। क्षेत्र भ्रमण के बाद विश्रामपुर में कांग्रेस की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी ओबीसी समाज के हित की बात करतें हैं। उनका स्पष्ट मानना है कि जिसकी जितनी आबादी है उसको उसी हिसाब से भागीदारी भी मिलनी चाहिए। ओबीसी समाज को उचित राजनीतिक भागीदारी पार्टी का एक महत्वपूर्ण मिशन भी है। इसलिए जिले के दो विधानसभा सीटों में पार्टी के ओबीसी नेता को मौका मिलना चाहिए। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलास साहू ने अपने नेतृत्व क्षमता की बदौलत कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। राज्य सरकार भी कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे राज्य का लगभग सभी परिवार लाभान्वित है। प्रदेश की जानता फिर से आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पलामू के सभी विधानसभा क्षेत्र में आइएनडीआइए गठबंधन की जीत होगी। मौके पर जिला सचिव अशोक यादव, उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, मो मुस्ताक आलम, अनिल यादव, सुरेंद्र यादव व खालिद अंसारी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के आशुतोष धाम में बंगाल के कलाकार बना रहे आकर्षक पंडाल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा करीब आते ही हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में तैयारियां जोर शोर से चल रही है। पूजा समितियों द्वारा अपने-अपने पूजा पंडाल को आकर्षक बनाने के लिए अनुपम कलाकृतियों से सजाया जा रहा है। शहर के जपला रेलवे स्थित आशुतोष धाम परिसर के पास इस वर्ष भी आकर्षक व भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। बंगाल के कारीगर पंडाल को आकर्षक रूप देने में लगे है। वहीं, डेहरी ऑन सोन के मूर्ति कलाकारों द्वारा मूर्ति बनाया जा रहा है। आशुतोष धाम परिसर स्थित दुर्गा पूजा आयोजन समिति युवा बाल संघ के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता ने बताया कि पूजा को देखने सप्तमी, अष्टमी और नवमी को हजारों दर्शक पहुंचते है। कहा कि यहां की पूजा विधिवत तरीके से शास्त्रीय विधि पर आधारित होती है। कलश शोभा यात्रा भी निकाली जाती है। उन्होंने बताया कि पंडाल में सीसीटीवी कैमरा समेत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगें. वहीं, पूजा को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता के साथ रवि यादव सचिव, प्रमोद मेहता उपाध्यक्ष, रामलाल साव उप सचिव, सन्नी विश्वकर्मा, जिशु कुमार कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार यादव व सोनू कुमार उप कोषाध्यक्ष, राजा कुमार, मुरारी गुप्ता, टुकी कुमार पंडाल व्यवस्थापक आदि सक्रिय हैं।

## बीपीएचओ के राष्ट्रीय महासचिव ने वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीपीएचओ के राष्ट्रीय महासचिव सह सर्वमंगला नर्सिंग होम के महाप्रबंधक प्रकाश ने अपना जन्मदिन सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में वृद्धजनों के बीच केक काटकर मनाया। उन्होंने अपने हाथों से स्वादिष्ट भोजन करा कर व साड़ियां-वस्त्रों का वितरित किया। खासकर आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी को वर्ष 2006 से लाल मणि वृद्धा सेवा आश्रम और अब साथ में ओल्ड एज होम में निरंतर सभी बाधाओं का सामना करते हुए आश्रम में आश्रय ले रहे असहाय माता-पिता समान वृद्धजनों की सेवा, हर महीने इनके स्वास्थ का रख रखाव कर जांच शिविर आयोजित करने और अंतिम समय में सम्मानपूर्वक रीति रिवाज से दाह संस्कार करने की प्रसंशा कर आभार व्यक्त किया। कहा कि नौशाद गद्दी ने मानव सेवा के लिए कभी हार नही मानी और हम सबको इनकी सेवा व इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करने का बड़ा काम किया है। वहीं, वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में सेवा के लिए वृंदावन कुमार (सेवा निवृत्त शिक्षक), सनोज सिंह, सुधीर लाला, तपन गुप्ता, झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ के धनबाद जिला महामंत्री अर्जुन कुम्हार आदि को आशीर्वाद दिया।

### दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी जोसेफ का चैंपियंस ट्रॉफी में चला जादू

# हैट्रिक गोल से हेहल स्पोटिंग सेफा में

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी जोसेफ के हैट्रिक गोल की बदौलत हेहल स्पोटिंग रांची की सेमीफाइनल में पहुंची। हेहल ने एकतरफा मुकाबले में केपीएल जूनियर को 5-0 से रौंद दिया। अपने स्पीड, स्कील, सटीक पास एवं गजब की शूटिंग पावर की बदौलत जोसेफ पूरे मैच में छाये रहे। दर्शकों का भी भरपूर सपोर्ट जोसेफ को मिला। हालांकि टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल रोहित ने अपनी टीम के लिए दूसरे मिनट में ही दागा। इसके बाद जोसेफ का जादू शुरू हुआ। जोसेफ ने 7वें, 12वें व 40वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोहित ने 57वें मिनट ने अपना दूसरा गोल दागा। जादुई खेल दिखाने के कारण जोसेफ को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि आजसू नेता वीरेंद्र सिंह भोगता ने दिया।

दूसरे मैच में टाटीसिलवे एफसी ने टाइगर जयराम स्पोटिंग को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचनेवाली चौथी टीम बनी। टाटीसिलवे की ओर से घाना के खिलाड़ी इदरिश ने 14वें व तौहीद अहमद ने 60वें मिनट में गोल दागा। पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन करनेवाले सूरज उरांव को मैन आफ द मैच का पुरस्कार गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा एवं बीसा मुखिया मंजोती देवी ने दिया। 28 सितंबर को पहला सेमीफाइनल मैच टाटीसिलवे एफसी एवं इरबा तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच हेहल स्पोटिंग एवं सुपर किंग्स अनगड़ा के बीच खेला जायेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अति अल्पककालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDD/SD/HZB/25/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDD/SD/HZB/ 25/01/2024-25 | चौपारण | हजारीबाग जिला के प्रखण्ड–चौपारण अन्तर्गत पंचायत–भगहर, ग्राम–लोहरा में भलखोही नदी पर पुल निर्माण। | 2,16,00,800.00 | 4,32,100.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 2. | RDD/SD/HZB/ 25/02/2024-25 | बड़कागांव | हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड अंतर्गत सिरमा पंचायत में ग्राम चोरका एवं पडरिया के बीच शिवमंदिर के पास बड़की होरहोरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 6,04,93,000.00 | 12,09,900.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 3. | RDD/SD/HZB/ 25/03/2024-25 | बड़कागांव | हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड में आंगो पंचायत में ग्राम उरेज एवं पचंडा के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण। | 5,37,74,300.00 | 10,75,500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 337220 Rural Development(24-25)#D

# हत्या के तीन आरोपितों के खिलाफ दोष सिद्ध, 30 को सजा पर सुनवाई

## 20 मई 2014 को मामूली विवाद के बाद आरोपितों की पिटाई से हुई थी शमशेर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने हत्या के आरोप में इस्लाम अंसारी, समसुद मियां और शकूर मियां को दोषी पाया है। मालूम हो कि गोमिया थाना अंतर्गत लोधी निवासी मो ऐनुल अंसारी ने 20 मई 2014 को गोमिया सामुदायिक अस्पताल में थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराते हुए बताया कि वह लोधी पंचायत का पंचायत समिति सदस्य है। जब सूचक का भतीजा शम्मीउलाह को गांव के ही वाहिद अंसारी ने अपने घर के पास पकड़ कर मारपीट की। इसकी जानकारी उसने घर पर आकर दी। तब सूचक उसे साथ लेकर मो इस्लाम अंसारी को कहने गया कि उसके साले वाहिद अंसारी ने भतीजा



शम्मीमुलाह को मार पीट किया। इस पर इस्लाम अंसारी ने गाली गलौज करते हुए सूचक के साथ आए भतीजा शमशेर अंसारी पर वार कर दिया। इस पर झगड़ा हुआ और समसुद मियां, शकूर मियां और उनके साथ अन्य लोग भी शामिल हो गये। सभी के पास लाठी, फरसा, लोहे का रॉड और चाकू था। वाहिद अंसारी ने अपने हाथ में लिए फरसा से शमशेर अंसारी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गिर गया। उसके सिर से खून बहने लगा। जब उसे सूचक और उसके भतीजा हबीबुल्लाह बचाने गए तो सभी ने मिलकर सूचक व अन्य के साथ भी मारपीट की। जिसमें शमशेर अंसारी की मृत्यु हो गई और हबीबुल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त बयान के आधार पर थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने हत्या के मामले में इस्लाम अंसारी, समसुद मियां और शकूर मियां को दोषी पाया। सजा को लेकर 30 सितंबर को सुनवाई होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू के साथ सूचक के अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा ने बहस किया।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने दुष्कर्म के आरोपी धनबाद जिले के तोपचांची थाना अंतर्गत कूड़ामु निवासी मुकेश महतो को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। गौरतलब हो कि पीड़िता ने थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि अकेला पाकर आरोपित मुकेश महतो ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। तब उसने शादी करने का भरोसा दिया, तो वह चुप हो गयी। इसी तरह झांसे में रखकर कई बार शारीरिक शोषण करने के बाद शादी करने से साफ इनकार कर दिया। उसके झांसे को समझने के बाद उसने मुकेश महतो के खिलाफ मामला दर्ज कराया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने मुकेश कुमार महतो को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद मुकेश को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू के साथ सूचिका के अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा ने बहस किया।

## धनबाद के विभिन्न स्कूलों में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत स्वयं, अपने परिवेश व देश को साफ सुथरा, स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए धनबाद केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत जिला के सदर प्रखंड में वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय जगजीवन नगर, मध्य विद्यालय कोल वाशरी सरायढेला, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बगुला एवं मध्य विद्यालय हीरापुर धनबाद में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उक्त विद्यालय मे निबंध, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही एक पेड़ मां के नाम व हस्ताक्षर अभियान के साथ-साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय जगजीवन नगर धनबाद के प्रभारी प्राचार्य शिवदास प्रसाद, मध्य विद्यालय कोल वाशरी के वरिष्ठ शिक्षक कुलदीप प्रसाद, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बगुला धनबाद के बार्डेन मीरा कुमारी के अलावा मध्य विद्यालय हीरापुर नगर पालिका धनबाद के प्राचार्या मति मधु कुमारी का सराहनीय भूमिका रही। विभाग के सहायक अधिकारी राजकिशोर पासवान ने बताया कि अपने जीवन में स्वच्छता अपनाने के साथ ही दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। ना तो गंदगी करें और ना ही दूसरों को गंदगी करने दें। विभाग की ओर से प्रतियोगिता के सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## टीचर पर 11वीं के छात्रों से 8वीं के छात्रों की पिटाई करवाने का आरोप

निरसा (आजाद सिपाही)। बेनागोड़ीया स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में गुरुवार की रात नौ से 12 बजे बजे तक पीटी शिक्षक व सीनियर कक्षा के छात्रों द्वारा कक्षा आठ में पढ़ रहे पियूष रजक (13) और यश कुमार (14) को बुरी तरह पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद बच्चों में डर का माहौल है। बच्चों ने जब अपने अभिभावकों को घटना की जानकारी दी तो अभिभावकों ने शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचकर जमकर बबाल किया एवं अपने बच्चों व प्राचार्य से बात कर दोषी विद्यार्थियों व पीटी शिक्षक को निलंबित करने की मांग पर अड़ गये। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन की अनदेखी एवं सीनियर क्लास के बच्चे के साथ पीटी शिक्षक की साठगांठ होने के कारण मारपीट की घटना हुई है। सीनियर क्लास के बच्चों ने आठवीं कक्षा में पढ़ रहे पियूष रजक, यश कुमार, केदारनाथ, अभय साव, नमन कुमार, गौतम कुमार, राज मुर्मू, रियाज अंसारी को सीनियर क्लास के बच्चे के कमरे में ले जाकर खुद खड़े होकर पियूष रजक, यश कुमार को सीनियर बच्चे से पिटवाने लगे। आरोप है कि खुद पीटी शिक्षक शिवम निशांत गाली गलौज करने के साथ पिटाई की। लगभग एक घंटे तक पिटाई के बीच पियूष रजक को उल्टी आने लगी। यह दखने के बाद भी शिक्षक व पिटाई करने वाले विद्यार्थियों को दया नहीं आयी। बच्चो के गर्दन, हाथ एवं गाल में चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे है की कितनी क्रूरता से पीटा है। इधर, मार खाने वाले पियूष रजक और यश कुमार का कहना है कि गुरुवार रात को खराब पड़े ट्यूबलाइट टूट गया। तब 11वीं के अभिमन्यु और स्मिथ ने पिटाई कर दी। इस दौरान गौरव नाम के छात्र ने पीटी शिक्षक को बुलाया। उसके बाद सभी ने मिलकर पिटाई की और गंदी-गंदी गालियां दी। कक्षा 10वीं के छात्र ने आकर बीच बचाव किया। दूसरी ओर, पुलिस एवं शिक्षक के सामने ही सीनियर एवं जूनियर कक्षा के बच्चों के अभिभावकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। सीनियर क्लास के बच्चे काफी उग्र दिख रहे थे। बतातें चलें कि 30 अगस्त 2023 की रात को सीनियर छात्र द्वारा जूनियर क्लास के छात्रों को शराब की बोतल पकड़ाए वीडियो बना कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आ चुका है। इस प्राचार्य सीके ठाकुर ने सीनियर क्लास के बच्चों को 11 दिनों के लिए निलंबित किया था।

## राजापुर प्रोजेक्ट में भारी बारिश के कारण ओबी स्लाइड

धनसार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल में शुक्रवार की सुबह पांच बजे बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर प्रोजेक्ट के कोयला फेस का बड़ा हिस्सा भारी बारिश के कारण ओबी स्लाइड हो गया। हालांकि उक्त फेस में लगभग दो महीने से उत्पादन बंद था जिस कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बगल में ही अग्निप्रभावित रजवार बस्ती है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह पांच बजे अचानक तेज आवाज के साथ फेस में ओबी स्लाइड होने लगा, जिससे भारी मात्रा मे धूल कण का गुबार उठने लगा। लगा की ज्वाला मुखी विस्फोट हुआ हो। धूलकण धनबाद शहर के बैंक मोड, गोधर और भूली सहित लगभग पूरे शहर को अपने आगोश में ले लिया। इस कारण कोयला फेस में जल निकासी में लगे पांच पंप, दर्जनो बिजली लाइन के पोल, एक पुराना ब्रेक डाउन वाहन, जल मग्न हो गया। घटना के बाद बस्ताकोला क्षेत्र के जीएम अनिल सिन्हा, एजीएम टी पासवान, राजापुर परियोजना पदाधिकारी केके सिंह दर्जनों कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आजसू के आंदोलन एवं विकास कार्यों को जनता के बीच पहुंचायें : गिरधारी



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** पूर्व जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को आजसू के टुंडी विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ महतो ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में सांगठनिक ढांचा को मजबूत करते हुए पार्टी के आंदोलन व विकास कार्यों को जनता के बीच पहुंचायें व विधानसभा चुनाव में भागीदारी व दावेदारी सुनिश्चित करेंगे। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का निर्देश सर्वमान्य होगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय सचिव शिव शंकर शर्मा, केंद्रीय सचिव प्रमोद चौरसिया, केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, केंद्रीय सचिव भास्कर ओझा, केंद्रीय सचिव दिनेश राय, केंद्रीय सचिव सुभाष रवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी महतो, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र महतो, केंद्रीय सदस्य दयाल महतो, झारखंड क्रांतिकारी नेता विनोद महतो, जिला उपाध्यक्ष नरेश महतो, टुंडी प्रखण्ड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, पूर्वी टुंडी अध्यक्ष काजल महतो, झारखंड क्रांतिकारी काली महतो, राजगंज प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, राजगंज प्रखंड सचिव देवनारायण आदि उपस्थित हुए।

## ढोरी स्टाफ क्वार्टर के तीन बंद आवासों में चोरी

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र स्थित ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर में तीन बंद आवासों में गुरुवार की देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मजदूर नेता विकास कुमार सिंह, सीसीएल कर्मी प्रेमचंद महतो व सीसीएल के सेवानिवृत्त कर्मी लखन लाल शर्मा के बंद आवासों में ताला तोड़कर वहां से चांदी के सिक्के, बर्तन, कीमती कपड़े आदि चोरी कर फरार हो गये। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने दरवाजों के ताले व कुंडियां टूटी और घर का सामान बिखरा देखा, तो बेरमो पुलिस को सूचना दी। उधर, खबर पाते ही बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गयेऔर मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ितों में मजदूर नेता विकास कुमार सिंह और ओम शंकर सिंह ने बताया कि सीसीएल के बंद क्वार्टरों में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। जब भी लोग आवास बंद कर बाहर जाते हैं, चोर गिरोह उन पर धावा बोल कर हाथ साफ कर देते हैं। उधर, अधिकतर मामलों में पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं जुटा पाई है। कहा कि चोरी की घटना को रोकने के लिए प्रशासन को कॉलोनियों में भी सीसीटीवी कैमरा लगाने की जरूरत है। बतातें चलें कि बेरमो क्षेत्र में पहले भी चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश है। जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। वहीं, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह से बताया कि पुलिस टीम गठित की गई है। छानबीन जारी है। चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## बोकारो में श्री अन्न आधारित न्यूट्री-शेक वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ईएसएल स्टील लिमिटेड उन समुदायों के कल्याण के लिए समर्पित है जिनकी वह सेवा करता है। कंपनी को सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री के पोषण अभियान के अनुरूप, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने झारखंड के सभी 50 नंद घरों में श्री अन्न आधारित न्यूट्री-शेक वितरण कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल राष्ट्रीय पोषण माह के साथ मेल खाती है, जो भारत में कुपोषण पर अंकुश लगाने का एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रोजेक्ट नंद घर, वेदांता के अध्यक्ष द्वारा परिकल्पित अनिल अग्रवाल, बच्चों के बीच पोषण वितरण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। न्यूट्री-शेक वितरण कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरपूर पौष्टिक श्री अन्न शेक प्रदान करने पर केंद्रित है। 10 हजार से अधिक श्री अन्न प्रोटीन शेक वितरित कर कार्यक्रम कुपोषण को कम करने और कम उम्र से संतुलित पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के सरकार के मिशन का समर्थन करता है। उद्घाटन कार्यक्रम में मीनाक्षी सभरवाल (सीक्यूओ), कुनाल दरिपा (प्रमुख, सीएसआर) और आभा कुमारी (बोकारो सदर अस्पताल में स्वास्थ्य पार्षद) ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पोषण, एनीमिया और संतुलित आहार के बारे में शिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती माताओं के लिए गोद भराई समारोह और छह महीने के बच्चे के लिए अन्न प्रासन समारोह भी शामिल था।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी: डीसी

- मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप कोषांग वृहद पैमाने पर योजनाबद्ध करेगा काम
- स्वीप कैलेंडर को किया लांच, स्वीप वार रूम एवं जिला वेबसाइट पर स्वीप गैलेरी का डीसी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गठित स्वीप कोषांग की ओर से शुक्रवार को स्वीप वार रूम का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव, निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, वरीय नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता आदि ने संयुक्त रूप से किया। जहां कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों के आयोजन पर कार्य करेगी। इसके अलावा समाहरणालय सभागार में डीसी द्वारा डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, स्वीप वरीय नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग शक्ति कुमार, सहायक पदाधिकारी आदि की उपस्थिति में संयुक्त रूप से स्वीप कैलेंडर को लांच किया गया।

## जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी शिकायतें

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के आये लोगों की समस्याएं सुनी व उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनता दरबार में मुख्यतः पेंशन, अनुकंपा में बहाली, जमीन विवाद, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क निर्माण, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम, जाति प्रमाण पत्र, मुखिया पर मनमानी आदि समस्याओं से अवगत हुए। डीसी ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## निर्यात संवर्द्धन पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन

# एमएसएमइ उद्यम देता है देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय की धनबाद मटकुरिया रोड शाखा की एमएसएमई-विकास कार्यालय की ओर से खरीद एवं विपणन सहायता योजना (पीएमएस योजना) के तहत निर्यात संवर्द्धन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में हुआ। जिसका उद्घाटन धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद व आइइडीएस के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव आदि ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक दीपक कुमार, सहायक निदेशक, शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। रांची एमएसएमई-विकास कार्यालय से आए इंद्रजीत यादव, आइइडीएस संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात संवर्द्धन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण आदि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरूक करना है। संगोष्ठी में शामिल सभी प्रतिभागी उद्यमियों से फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन 'फियो' के कोलकाता एवं डाक निर्यात केंद्र, धनबाद से आए विविध विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ लेने की अपील की। वहीं, राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि धनबाद जिले के कई सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी जो निर्यात से जुड़े हैं पर अपने उत्पादों का निर्यात एक्सपोर्ट एजेंसियों के माध्यम से कर रहे हैं, ऐसे उद्यमियों को इस कार्यक्रम से निश्चित रूप से बहुत फायदा होगा। कहा कि इससे प्रतिभागी उद्यमी अपने उत्पादों का सीधे निर्यात कर पाने में सक्षम होंगे और धनबाद जिले के उद्योगों का विकास होगा। जो सामुहिक रूप से झारखंड एवं देश के समग्र विकास में सहयोग करेगा। उधर, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भारत सरकार की ओर से एमएसएमई के विकास के लिए विविध योजनाएं चलाई जा रही हैं। धनबाद एवं आसपास के जिलों के प्रतिभागी उद्यमियों को अपने उत्पादों का सीधे निर्यात करने में मदद मिल पाएगी। कहा कि एमएसएमई उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। डाक घर निर्यात केंद्र धनबाद सर्कल के उत्तम कुमार सिंह, वरिष्ठ डाक अधीक्षक ने अपना अनुभव एवं कौशल सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों के साथ साझा किया। संगोष्ठी में झारखंड के उद्योग संघों, चेंबर्स एवं धनबाद जिले एवं आसपास के जिलों के लगभग 200 से ज्यादा प्रतिभागी उद्यमियों ने भाग लिया। वहीं, संगोष्ठी के आयोजन में शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय धनबाद के सुजीत कुमार, सहायक निदेशक राकेश कुमार और साहेब लाल मंडल आदि ने सहयोग किया।

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

अतिअल्पकालीन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना

पथ प्रमण्डल, कोडरमा के अन्तर्गत विभिन्न गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल कार्यालय, कोडरमा हेतु सामग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के लिए दर निर्धारण किया जाना है। इसके लिए ख्यातिप्राप्त आपूर्त्तिकर्त्ताओं से दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रित किया जाता है। दर उद्धरण (Quotation) दिनांक 04.10.2024 को 3:00 अपराह्न तक प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक–04.10.2024 को ही अपराह्न 3:30 में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य होगा। समुचित गुणवत्ता के सामाग्रियों की ही आपूर्ति ली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl. No. | Item | Qty. | Quoted Rate(in Rs) (without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | Depth Gauge | 1 No | |
| 2 | Infrared Thermometer | 1 No | |
| 3 | Benzene 2.5 Ltr. | 1 No | |
| 4 | Electronic Balance 600 gm 0.01 Accu. | 1 No | |
| 5 | Vernier Caliper | 1 Set. | |
| 6 | Standard Sand | 1 No | |
| 7 | Core Drilling m/c with petrol engine | 1 No | |
| 8 | Los Angeles App. | 1 No | |
| 9 | Cold Mix | 1 No | |

नोट :–
1. कोटेशनदाता दर उद्वत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लेंगे बाद में किसी प्रकार का दर परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
2. उद्धरणकर्त्ता को दर उद्धरण में **PAN** एवं **GST** अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी उद्धरण को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. उद्वत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
5. यह दर उद्धरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
6. समग्रियों की आपूर्त्ति हेतु अलग से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 337370 (Road)24-25*D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची

प्रथम अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०– LAB/DWSD/14/2024-25 दिनांक– 26.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 28.09.2024 पूर्वाह्न11.00 बजे से। |
| 3 | प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय | 30.09.2024 in the Office of the Chief Engineer -cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 05.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 5 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.10.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 6 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 7 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 8 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for supplying field test kit (FTKs) Ranchi zone in 18 nos. of Divisions (Chatra, Garhwa, Gumla, Hazaribagh, Khunti, Jhumritiliya, Latehar, Lohardaga, Medninagar, Chaibasa, Chakardharpur, Jamshedpur, Adityapur, Ramgarh, Ranchi West, Hatia Project, Saraikela, Simdega And State Lab Ranchi For Training Purpose) | 6,10,000/- | 10000/- |
| 2 | Request Proposal for supplying field kit (FTKs) for Dumka Zone in 14 nos. of Divisions (Tenughat, Chas, Deoghar, Madhupur, Dhanbad,-1, Dhanbad-2, Dumka-1, Dumka-2, Giridih-1, Giridih-2, Godda, Jamtara, Pakur, Sahibganj) | 6,00,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
हटिया योजना, रॉंची

PR 337335 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

# भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है, इसके लोग हर राज्य में जाते हैं: शिवराज सिंह चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इन दिनों प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा में शामिल हो रहे हैं। गुरुवार की रात उन्होंने नेतरहाट में प्रवास किया और आदिवासी परिवार के यहां खाना खाया। इस रात्रि प्रवास के बाद शुक्रवार को उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआइ से झारखंड से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की। प्रस्तुत है उस बातचीत के अंश।

**सवाल:** गुरुवार रात में आपने नेतरहाट में आदिवासी भाई-बहन के घर पारंपरिक खाना खाया, कैसा एक्सपीरियंस रहा?

**जवाब:** ये सच में बहुत रिच फूड है। हम आमतौर पर जो खा रहे हैं, वो हमारे शरीर के लिए शायद उतना उपयोगी नहीं है, जितना ये पारंपरिक भोजन है। यहां श्रीअन्न, मोटे अनाज, रागी की रोटी, मक्के की रोटी, अलग-अलग भाजी और अलग-अलग रोटी, पत्ते में सेंक कर रोटी बनायी और बांस के फूल की सब्जी, बांस का सलाद, सब कुछ अद्भुत है और भोजन बहुत स्वादिष्ट है। स्वादिष्ट के साथ-साथ शरीर के लिए बहुत उपयोगी भी है। सच कहूं तो आनंद आ गया भोजन में भी और हमारे आदिवासी भाई-बहन के वात्सल्य पूर्ण व्यवहार में भी। **सवाल:** झारखंड सरकार मंईयां योजना लायी है। उनका कहना है कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है और मंईयांओं का बहुत प्यार मिल रहा है। इसके बारे में आप क्या कहेंगे?

**जवाब:** ये तो हमारा प्रोजेक्ट है। लाडली बहना योजना की नकल चुनाव के पहले इन्होंने की है। हेमंत सोरेन सरकार ने पांच साल पहले घोषणा पत्र में जो वादे किये थे, उसमें लिखा था कि गरीब महिलाओं को प्रति माह दो हजार रुपये चूल्हा खर्च दिया जायेगा। चार साल 10 महीने चूल्हा खर्च नहीं दिया, लेकिन अब चुनाव आ गये हैं, तो महिलाओं के खातों में वोटों की लालच में एक हजार रुपये डाले जा रहे हैं। हेमंत सोरेन हिसाब दें कि पांच सालों में 60 महीने होते हैं और 60 महीने दो हजार रुपये मिलते, तो बहनों को अब तक 1.20 लाख रुपये खाते में मिल जाने चाहिए थे, लेकिन उनके खाते में केवल दो हजार रुपये ही आये हैं, तो 1.18 लाख रुपये कहां गये। ये तो बहनों के साथ छल हुआ। कहा कुछ था, दे कुछ रहे हैं। हमारी सरकार मध्यप्रदेश में है। वहां लाडली बहना योजना चल रही है। हमारी सरकार महाराष्ट्र में है, तो वहां भी लाड़की बहीण योजना चल रही है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में है, तो वहां भी महतारी वंदन योजना के तहत बहनों को राशि दी जा रही है। ओड़िशा में अभी-अभी सरकार बनी है और वहां भी बहनों के खातों में पैसा डालना शुरू कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार हरियाणा में बहनों के खाते में 2100 रुपये डालेगी। जम्मू-कश्मीर में भी



बहनों के खाते में भी राशि डाली जायेगी और झारखंड में भी बहनों के खाते में 2100 रुपये डाले जायेंगे। झारखंड सरकार केवल चुनाव के नजदीक आते ही बहनों को टुकड़ों-टुकड़ों में पैसा दे रही है। मेरी झारखंड की बहनें सब समझती और जानती हैं। इसका जवाब अब बहनें चुनाव में देंगी।

**सवाल:** आप झारखंड में नौकरियों की बात कह रहे थे?

**जवाब:** रोजगार बड़ा सवाल है। हेमंत सोरेन ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि 5 लाख नौकरियां देंगे और जब तक नौकरी नहीं देंगे, तब तक 5-7 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे, लेकिन एक ढेला नहीं दिया, एक नौकरी नहीं दी। 4 साल 10 महीने नौकरी नहीं दी और 11वें महीने जब चुनाव नजदीक आये, तो सिपाही भर्ती के नाम पर नौजवानों को कड़ी धूप में 10 किलोमीटर दौड़ा रहे हैं, जिसके चलते कई घरों के चिराग बुझ गये। पेपर लीक भी बड़ी समस्या है। यहां 17 बार परीक्षाएं रद्द हुई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा अब पेपर लीक मोर्चा बन गया है। इनके लोग नौजवानों के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं के सारे सपने चकनाचूर कर दिये हैं। झारखंड में 2.87 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। पुलिस के पद खाली पड़े हैं। बाकी पद लाखों की संख्या में खाली हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में खाली पदों को भरने का फैसला कर दिया जायेगा। हम कैलेंडर बनाकर तय करेंगे कि किस महीने में कौन सी परीक्षा होगी और रिजल्ट की तारीख क्या होगी और ज्वाइनिंग डेट क्या होगी।

**सवाल:** आप माताओं-बहनों को 2100 रुपये देने की बात कह रहे हैं, तो क्या ये माना जाये कि ये मंईयां योजना की काट है?

**जवाब–** हम तो पहले से ही दे रहे हैं। इन्होंने हमारी नकल की है। वो भी राशि देने के लिए नहीं की है, केवल चुनाव में लुभाने के लिए की है। ये तो हमारा कांसेप्ट है। ये हमारा कमिटमेंट है महिला सशक्तिकरण का। जैसे हम भाजपा शासित राज्यों में बहनों को सीधे पैसे दे रहे हैं, वैसे ही झारखंड में भी देंगे।

**सवाल:** हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि बीजेपी के पास अपना कैडर नहीं बचा है, बाहर के लोग आते हैं, बयान देते हैं और नफरत फैलाते हैं, बीजेपी का यहां कुछ नहीं हो सकता है?

**जवाब–** हेमंत सोरेन एक बात साफ सुन लें कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है। मैं जम्मू-कश्मीर भी गया था, हरियाणा भी जा रहा हूं और महाराष्ट्र भी गया था। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है और जब चुनाव होते हैं, तो एक राज्य के कार्यकर्ता दूसरे राज्यों में भी प्रचार प्रसार के लिए जाते हैं। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ने विकास के काम किये हैं। जब यहां रघुवर दास जी की सरकार थी, तो इतना विकास हुआ है कि जनता आज भी याद करती है। दूसरा बड़ा सवाल है यहां की माटी, बेटी और रोटी की रक्षा का सवाल है। जेएमएम की सरकार घुसपैठियों को वोट बैंक समझती है। यहां उनका आधार कार्ड बनवाती है और घुसपैठिये आकर हमारी जमीनों पर कब्जा करते हैं। आदिवासी बेटियों से शादी करते हैं, चुनाव लड़कर लोकल गवर्नमेंट पर कब्जा करते हैं। जेएमएम की सरकार बहुत खतरनाक खेल खेल रही है। ये झारखंड ही नहीं बल्कि हमारे देश के लिए भी खतरनाक है। भारतीय जनता पार्टी विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालेगी, घुसपैठियों के लिए हमारे देश में कोई जगह नहीं है।

**सवाल:** भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र कब तक आयेगा और इसमें क्या-क्या होने की संभावना है? **जवाब:** संकल्प पत्र अंतिम चरण में है। कई चीजें स्पष्ट हैं। उसमें नौकरी की बात करेंगे, महिला सशक्तिकरण की बात करेंगे, किसान की बात करेंगे, बहुत जल्दी संकल्प पत्र आने वाला है।

## एमसीएल ने 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण में बनाया नया रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण के आंकड़े को पार करते हुए, संचालन उत्कृष्टता में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष की तुलना में यह कीर्तिमान 16 दिवस पूर्व ही हासिल कर लिया है। कंपनी ने 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में समग्र वृद्धि दर 7% की दर्ज की है। एमसीएल ने बिजली गृहों को में 9% की वृद्धि के साथ कोयला प्रेषण किया है, इसके साथ ही कंपनी ने रेल मार्ग से पर्यावरण-अनुकूल कोयला प्रेषण में 22% की उल्लेखनीय वृद्धि भी दर्ज की है। श्री उदय अनंत कावले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ने एमसीएल टीम की समर्पण भावना और प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना करते हुए कहा कि यह 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण की रिकार्ड उपलब्धि, हमारे कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में कंपनी के संकल्प को दशार्ता है।

## भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह शुक्रवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र का दौरा किये। इसके बाद बरजो स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं से मिलकर समस्या से अवगत हुए। इस दौरान कई की समस्या मौके पर समाधान किया। तथा कई लोगों को समाधान की भरोसा दिया। कार्यकर्ताओं से मिलकर विधानसभा चुनाव की समय को देखते हुवे पार्टी के हित मे बूथ स्तर तक मजबूती देने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि इस बार विधानसभा सभा चुनाव में यहां से एक बड़ा कमल खिलाना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से बढ़ चढ़ कर काम करने की जरूरत है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक राय, अविनाश सिंह, श्रीकांत राय, भूपाल सिंह, निधि पंडा, रामदेव विशवकर्मा, पवन सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे।






### जिलापाल सम्मेलन में मुख्यमंत्री मोहन माझी का बयान

## ओड़िशा का विकास जिलापाल के हाथ में है

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दो दिवसीय जिलापाल सम्मेलन में सभी जिलापाल प्रमुखों से मुलाकात कर ओडिशा के विकास पर चर्चा की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिए शासन और प्रशासन महत्वपूर्ण है। राज्य के विकास के लिए जिलापाल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिलापाल को ही लोग सरकार मानते हैं। मोहन चरण मांझी ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जिलापाल के हाथ में है। मोहन सरकार ने 100 दिनों में कई युगांत कारी कदम उठाए हैं। मोहन मांझी ने कहा कि सभी योजनाएं समय पर शुरू होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। लोकसेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में आज दो दिवसीय जिलापाल सम्मेलन शुरू हो गया है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सरकार के रुख को स्पष्ट किया और अपने स्वयं के अनुभव और अनुभव से जिलापाल को प्रशासनिक स्तर पर कई खामियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि सरकार की सभी योजनाएं समय पर शुरू हों और समय पर खत्म हों। लेकिन इसमें अक्सर भारी देरी हो जाती है। इससे सार्वजनिक असुविधा, अनियमितता, भ्रष्टाचार और परियोजना लागत में वृद्धि होती है। इसलिए, मुख्यमंत्री ने परियोजना की गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। इसलिए, जिलापाल को अपने-अपने जिलों की वित्तीय और भौतिक प्रगति की दैनिक आधार पर निगरानी करने की आवश्यकता है ताकि सभी योजनाओं को समय पर लागू किया जा सके। इसके साथ-साथ प्रत्येक योजना की ब्लॉक-वार तिमाही समीक्षा करना भी आवश्यक है। इस तिमाही समीक्षा के साथ, आप सभी समस्याओं की पहचान करने और योजना को आगे बढ़ाने के लिए सही कदम उठाने में सक्षम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर सरकार लोगों के लिए एक रुपया खर्च करती है, तो यह उनके लिए अर्जित एक रुपया है। मुख्यमंत्री ने यह व्यक्त करते हुए कि मुझे पिछली सरकार के दौरान कई अनियमितताओं के बारे में पता चला है, आप जांच करें, अगर ऐसी कोई अनियमितता आपके संज्ञान में आती है, तो उन सभी की जांच करें और आवश्यक कदम उठाएं। आपके पास यह अधिकार है, मुझे विश्वास है कि आप इसका उपयोग करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी। भ्रष्टाचार को लेकर किसी भी तरह की मध्यस्थता का सवाल ही नहीं उठता। यह मेरी ओर से यथासंभव स्पष्ट संदेश है।

सरकार लोगों के कल्याण के लिए बेहतर योजनाएं और नीतियां बना सकती है। लेकिन इन सभी योजनाओं को अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचाने में जिलापाल और जिला स्तरीय अधिकारियों की प्रमुख भूमिका होती है।

## डॉ अच्युत सामंत को इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** (प्रसिद्ध शिक्षाविद्, परोपकारी और किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को आज नयी दिल्ली में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी, फायर इंडिया 2024 में इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह फेलोशिप शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा में तीन दशकों में डॉ सामंत के उल्लेखनीय योगदान की मान्यता में प्रदान की गई थी। इस साल मार्च में इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स की गवर्निंग काउंसिल द्वारा इस सम्मान के लिए उनका नाम चुना गया था। फेलोशिप प्राप्त करने पर श्री सामंत ने संस्थान और इसके महानिदेशक डॉ यू एस छिल्लर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्हें पहले आइएसटीइ, सीएसआई, आईसीए, एपीएससीएच और लंदन रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री सहित पांच प्रतिष्ठित संगठनों से प्रशंसा मिल चुकी है। इस अवसर पर कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) और इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये। समझौते के अनुसार किस के 100 छात्रों को इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स द्वारा फायर इंजीनियरिंग प्रशिक्षण मिलेगा। डॉ सामंत ने कहा, यह एक अच्छी पहल है और इस एमओयू से किस के अधिक छात्र लाभान्वित होंगे।









## नंद घर ने वेदांता के परिचालन वाले राज्यों में बच्चों को 'बाजरा प्रोटीन शेक' वितरित कर 'पोषण माह' मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बच्चों के लिए समग्र पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट नंद घर ने उन राज्यों में नंद घरों में बाजरा प्रोटीन शेक वितरित करने का कार्यक्रम शुरू किया है जहां वेदांता की व्यावसायिक इकाइयां हैं। सितंबर के महीने में, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के कई जिलों में लगभग 6000 बच्चों को 50,000 से अधिक बाजरा शेक वितरित किए जायेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और समुदाय के दैनिक आहार में बाजरे के महत्व को पुनः स्थापित करना है। ऐसे पूरक और पोषण केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से, नंद घर एक स्वस्थ और पोषित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सरकार का समर्थन कर रहा है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, ₹बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए पिछले साल हमने जो मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार लॉन्च किया था, उसकी सफलता के बाद, हम अपने नंदघरों में पौष्टिक मिलेट शेक की शुरूआत करके पोषण माह मनाकर बहुत खुश हैं। नंदघरों में बच्चों को पोषण प्रदान करना मुख्य विषय बन गया है, खासकर हमारे 'खाना खाया क्या' अभियान के साथ, जिसका उद्देश्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां हर बच्चा स्वस्थ और सुपोषित हो। नया मिलेट शेक इसी दिशा में एक और कदम है। यह इस सपने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। प्रोटीन से भरपूर बाजरा शेक, जो अपने पोषण मूल्य के लिए जाना जाता है, को एक स्टार्टअप मिलेट बाउल द्वारा निर्मित किया गया है। भारत में पहली बार पेश किया गया, यह पेटेंट और एफएसएसएआई अक प्रमाणित उत्पाद 23 आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरपूर है, कैलोरी में कम है और इसमें पौधे आधारित प्रोटीन है। इसमें रागी, बाजरा, फॉक्सटेल और कोडू शामिल हैं और इसे डेयरी-मुक्त, आसानी से पीने योग्य तरल शेक के रूप में तैयार किया गया है। इसमें शुद्ध पानी, गुड़, मल्टी-बाजरा आटा, प्लांट प्रोटीन आइसोलेट्स, कोको पाउडर, नारियल का दूध पाउडर, विटामिन, खनिज प्रीमिक्स और शाकाहारी स्टेबलाइजर भी शामिल हैं। 6 महीने की शेल्फ लाइफ के साथ, उत्पाद को लंबे समय तक चलने वाले पोषण संबंधी सहायता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। नंद घर के बच्चे चॉकलेट फ्लेवर के शेक का आनंद लेंगे।

## पूर्व तट क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में रेलवे का योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा, उत्तरी आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के दक्षिण पूर्व हिस्से के प्रमुख हिस्सों सहित पूर्व तट क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध परिदृश्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन गया है। पूर्व तट रेलवे ने भारतीय रेलवे का एक प्रमुख क्षेत्रीय रेलवे, प्रमुख पर्यटन स्थलों तक कुशल कनेक्टिविटी प्रदान करके क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्व तट रेलवे की सेवाएं न केवल प्रसिद्ध आकर्षणों को जोड़ती हैं बल्कि कम खोजे गये स्थानों को भी बढ़ावा देती हैं, जिससे ओड़िशा पर्यटन के लिए एक जीवंत केंद्र बन जाता है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**